


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 165

ग्वालियर, शुक्रवार, 04 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## यूक्रेन की राजधानी कीव में रूसी हमले तेज, चारों ओर तबाही का मंजर, दहशत में लोग

### संयुक्त राष्ट्र सभा में रूस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

**कीव।** यूक्रेन और रूस के बीच घमासन का आठवां दिन है। रूस की शक्तिशाली मिसाइलों और बमों के धमाकों से ने राजधानी कीव और खारकीव शहर दहल गए है यहां चारों ओर तबाही का मंजर है। कई जगहों पर रिहाइशी इलाकों और अस्पतालों पर भी बमबारी की गई। वहीं यूक्रेन ने यह भी मान लिया है कि रूसी सेना ने खेरसन शहर पर अपना नियंत्रण कर लिया है। इस मामले में संयुक्त राष्ट्र सभा में रूस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया या। हालांकि भारत ने इस मतदान में भाग नहीं लिया। कीव में लगातार धमाके हो रहे हैं। लोगों में डर का माहौल है। बता दें कि अब तक इस जंग के बीच 10 लाख से ज्यादा लोगों ने यूक्रेन छोड़ दिया है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि यूक्रेन में अब तक 752 लोगों की जान जा चुकी है। रूस के खिलाफ लामबंद होते हुए बुधवार को संयुक्त राष्ट्र में अधिकतर देशों ने उससे यूक्रेन से बाहर निकलने की मांग की। रूसी सेना ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर में बमबारी फिर शुरू कर दी है और इससे देश की



राजधानी पर खतरा बढ़ गया है। रूस ने उसके प्रमुख रणनीतिक बंदरगाहों को भी घेर लिया है। रूस का कहना है कि पिछले सप्ताह शुरू हुई सैन्य कार्रवाई में अभी तक करीब उसके 500 सैनिक मारे गए हैं और लगभग 1,600 जवान घायल हुए हैं। वहीं, यूक्रेन ने उसकी सेना के हताहत सैनिकों की जानकारी साझा नहीं की। बहरहाल, यूक्रेन ने कहा कि दो हजार से अधिक असैन्य नागरिक मारे गए हैं। दोनों ही देशों के दावों की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है। विश्व बैंक ने रूस और बेलारूस में अपनी सभी परियोजनाओं पर रोक लगा दी है। वहीं यूक्रेन के कई शहरों में हवाई हमले की चेतावनी दी गई है। इस युद्ध के दौरान यूरोपीय यूनियन और अमेरिका ने भी रूस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। क्रीमियन प्रायद्वीप के उत्तर-पश्चिम में स्थित इस शहर की आबादी करीब 300,000 है। यह रणनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण है। यह रूसियों को यूक्रेन के दक्षिणी तट पर अधिक नियंत्रण करने और ओडेसा शहर की ओर से पश्चिम की तरफ आगे बढ़ाने में मदद करेगी। मालूम हो कि बुधवार को जैसे ही यूक्रेन में नागरिक ठिकानों पर बमबारी तेज हुई, नागरिकों के हताहत होने की खबरें तेज हो गईं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि 227 नागरिक मारे गए हैं। यूक्रेन में रूस का हमला लगातार तेज होता जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक खेरासन शहर पर रूस ने कब्जा जमा लिया है।

## भारत के सामर्थ्य और पीएम मोदी के संकल्प का है प्रमाण है यूक्रेन में फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी : नकवी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नक़वी ने कहा कि ऑपरेशन गंगा के अंतर्गत भारत के सभी नागरिकों को भारत वापस लाना भारत के सामर्थ्य और प्रधानमंत्री के संकल्प का प्रमाण है। इतनी



बड़ी संख्या में युद्ध के बारूदी ढेर से नागरिकों को वापस लाया जा रहा है। प्रधानमंत्री लगातार इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। रूस और यूक्रेन युद्ध के हफ्ते हो चुके हैं। एक तरफ रूस की तरफ से यूक्रेन के विभिन्न इलाकों में जबरदस्त तबाही जारी है वहीं यूक्रेन की तरफ से भी जवाबी कार्रवाई में मिसाइल, ड्रोन और एयर वापर का जमकर इस्तेमाल किया जा रहा है। यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को वापस लाने को लेकर सरकार की तरफ से कवायद जारी है। ऑपरेशन गंगा के तहत छात्रों को वापस लाया जा रहा है, जिसमें भारतीय वायुसेना भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों ने पोलैंड से दिल्ली पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर भारत माता की जय के नारे लगाए। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी भी मौजूद रहे।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर 10 मार्च तक खुलेंगी शराब की दुकानें 24 घंटे होगी बिक्री

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जल्द ही शराब की बिक्री हो सकेगी। आबकारी विभाग की ओर से एयरपोर्ट पर शराब की दुकान खोलने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। बताया जा



रहा है कि भौतिक सत्यापन के बाद दो दुकानों को लाइसेंस भी जारी कर दिया गया है। इनका संचालन 10 मार्च तक शुरू हो जाएगा। शेष दुकानों को भी होली से पहले खोलने की दिशा में काम चल रहा है। इसके लिए भी भौतिक सत्यापन का काम चल रहा है, जिसके इसी सप्ताह में पूरा होने की संभावना है। राजधानी में बीते वर्ष 17 नवंबर को नई आबकारी नीति लागू की गई थी। उसके बाद से शराब की बिक्री पूरी तरह से निजी हाथों में चली गई। नई नीति में व्यवस्था दी गई थी कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 24 घंटे शराब की बिक्री होगी। इसके पीछे मकसद शराब की बिक्री को बढ़ाना था। सरकार का मानना था कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 24 घंटे यात्रियों का आवागमन होता है, जिसके चलते वहां शराब की बिक्री भी 24 घंटे हो सकती है। इससे राजस्व वसूली को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। लेकिन नई नीति लागू हुई तो कई सारी दिक्कतें सामने आ गईं।

# बनारस में अखिलेश के मंच से सीएम योगी पर बरसीं ममता बनर्जी




**बनारस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में गुरुवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने समाजवादी पार्टी और उसके गठबंधन सहयोगियों की साझा रैली में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने अखिलेश यादव को जितवाने की अपील की तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सीएम योगी को भोगी बताकर कहा कि वह सिर्फ भोग में लगे रहते हैं, कुछ काम नहीं किया है। ममता बनर्जी ने बनारस में काले झंडे दिखाए जाने को लेकर कहा कि यह बीजेपी की हार की निशानी है। उन्होंने यह भी कहा कि बड़ी संख्या में यूपी के लोग भी बंगाल आते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में गुरुवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने समाजवादी पार्टी और उसके गठबंधन सहयोगियों की साझा रैली में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने अखिलेश यादव को जितवाने की अपील की तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सीएम योगी को भोगी बताकर कहा कि वह सिर्फ भोग में लगे रहते हैं, कुछ काम नहीं किया है। ममता बनर्जी ने बनारस में काले झंडे दिखाए जाने को लेकर कहा कि यह बीजेपी की हार की निशानी है। उन्होंने यह भी कहा कि बड़ी संख्या में यूपी के लोग भी बंगाल आते हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि योगी सरकार ने एंटी रोमियो स्क्वॉयड बनाकर बहनों की बेइज्जती की है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने कोविड में लोगों की मदद नहीं की। लोग पैदल चलते हुए रास्ते में मर गए। पश्चिम बंगाल की सीएम ने कहा कि यहां लोगों के शवों को गंगा में फेंक दिया गया, लेकिन उनकी सरकार ने शवों को निकालकर उनका दाह संस्कार करवाया। ममता ने कहा कि चुनाव आने पर बीजेपी मंदिर की बात करती है।

### भाजपा जितना झूठ कोई पार्टी नहीं बोलती होगी, जितना भाजपा बोलती : अखिलेश

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र और उत्तर प्रदेश की सत्तारूढ़ योगी सरकारों पर आरोप लगाया कि युवाओं को नौकरियां नहीं देनी पड़े इसलिए वे देश की संपत्तियों को एक-एक कर बेच रही हैं। अखिलेश ने कहा यह चुनाव वाराणसी को क्योटो बनाने की बात करने वालों और बनारसी मतदाताओं के बीच है।÷ उन्होंने कहा ÷भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का दावा करती है, लेकिन डबल इंजन की सरकार का कामकाज देखकर मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि दुनिया में कोई और पार्टी इतना झूठ नहीं बोलती होगी जितना भाजपा के नेता बोलते हैं। अखिलेश ने कहा, भाजपा किसानों की आय दोगुनी करने का झूठा वादा करके सत्ता में आई थी। सवाल यह है कि क्या किसानों की आमदनी दोगुनी हुई। क्या हमारे युवाओं को नौकरियों के लिए पांच साल तक इंतजार नहीं करना पड़ा। भाजपा के लोग कहते थे कि हवाई चप्पल पहनने वाले को हवाई जहाज की यात्रा कराएंगे लेकिन उन्होंने तब हवाई जहाज और हवाई अड्डे ही बेच दिए। इसके अलावा बंदरगाह भी बेच डाले। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार की सभी संपत्तियां और सार्वजनिक उपक्रम बेच दिए जाएंगे,तब लोगों को नौकरियां कैसे मिलेगीं।

### मेरे एक बार वाराणसी आने से भाजपा हार रही हैं, तब में बार-बार वाराणसी आऊंगी : ममता

**वाराणसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा यूक्रेन से छात्रों को वापस लाना जरूरी है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तरप्रदेश में चुनावी सभाओं में व्यस्त हैं। उन्होंने दावा किया कि उप्र विधानसभा चुनाव में भाजपा हार रही है। ममता ने आरोप लगाया कि उप्र चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) के पक्ष में प्रचार करने के लिए वाराणसी पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला किया। ममता ने सपा अध्यक्ष अखिलेश के साथ यहां आयोजित संयुक्त रैली में कहा, मैं कल (बुधवार को) हवाई अड्डे से दश्वमेधघाट जा रही थी। रास्ते में कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिंसा करने की नियत से मेरी गाड़ी रोककर उस नुकसान पहुंचाया। मुझे धक्का देकर कहा कि वापस चले जाओ। टीएमसी प्रमुख ने कहा, तब मैंने सोचा कि भाजपा सत्ता से जा रही है। वह पूरी तरह से खत्म हो रही है और उसकी हार निश्चित है। ममता ने कहा कि एक चुनावी सभा के लिए उत्तर प्रदेश आई हैं और उन्हें आश्चर्य है कि भाजपा को इससे इतनी तकलीफ क्यों है। उन्होंने कहा, मैं कायर नहीं, बल्कि फाइटर हूं। मैं लंबे समय से लड़ाई लड़ रही हूं। पूर्व में, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों ने मुझ पर हमला किया था, मेरे ऊपर कई बार गोली भी चली, लेकिन मैं कभी उनके आगे झुकी नहीं।

## पूर्वांचल में चुनावी जंग का फायनल वाराणसी में, पीएम मोदी से पहले कबीर मठ में प्रियंका का डेरा



### ममता-अखिलेश-जयंत की वाराणसी में रैली आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव अंतिम चरण में प्रवेश कर गया है और इसका का फायनल वाराणसी में होने जा रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है। पीएम मोदी 2017 की तरह सातवें चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दो दिन काशी में कैंप कर पूर्वांचल में बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाने की कवायद करेंगे। वहीं, पीएम मोदी के मजबूत सियासी दुर्ग को भेदने और चुनावी फिजा को अपने पक्ष में मोड़ने के लिए विपक्षी दलों के नेता काशी पहुंच गए हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी पीएम मोदी के पहुंचने से पहले ही बुधवार को वाराणसी पहुंच गई है। प्रियंका ने काशी के कबीर मठ में अपना डेरा डाला है और चुनाव प्रचार खत्म होने तक वहीं रहते हुए अभियान चलाएंगी। वहीं, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आरएलडी अध्यक्ष जयंत चौधरी एक साथ अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के लिए उतर रहे हैं। ममता-अखिलेश-जयंत गुरुवार को वाराणसी में रैली को संबोधित करेंगे। बता दें कि 2017 के चुनाव के दौरान भी पीएम मोदी ने तीन दिन तक वाराणसी में कैंप कर रखा था। पीएम मोदी ने काशी को अपना बेस कैंप बनाकर पूर्वांचल के इलाके में चुनावी जनसभाओं के जरिए लोगों से मुखातिब होना शुरू किया था, तो पूर्वांचल का सियासी माहौल ही बदल दिया था। बीजेपी ने काशी ही नहीं बल्कि पूर्वांचल के इलाके से विपक्षी दलों का सफाया कर दिया था। उत्तर प्रदेश में दोबारा सत्ता पाने के लिए बीजेपी पूर्वांचल पर अपनी पकड़ को मजबूत बनाए रखना चाहती है। ऐसे में पीएम मोदी 2017 की तर्ज पर अपने संसदीय क्षेत्र और पूर्वांचल को बचाने के लिए काशी में कैंप करने रणनीति बनाई। मोदी सातवें चरण के वोटिंग से तीन दिन पहले काशी को केंद्र बनाकर पूर्वांचल को साधने के लिए उतरेंगे। पीएम मोदी चार मार्च 4 से 5 मार्च तक चुनाव प्रचार का शोर थमने तक वाराणसी में रहेंगे। इस दौरान डोर टू डोर कैंपेन के साथ ही जनसभा, रोड शो सहित अन्य कार्यक्रम कर माहौल बनाने का काम करेंगे।

## जाति की राजनीति करने वालों ने सिर्फ अपने परिवार का फायदा किया : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि उत्तर प्रदेश में जातिवाद की राजनीति नहीं चलेगी बल्कि जनता विकास, कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के मुद्दे पर भाजपा को फिर से सत्ता में लाएगी। पांच साल में भाजपा ने विकास के जो काम किए हैं, वह सत्ता में वापसी कराएंगे। यूपी में छठे चरण के चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत को लेकर आश्वस्त नजर आए। उनसे पूछा गया था कि 2014, 2017 तथा 2019 की भांति क्या इस बार भी सभी जातियों का समर्थन भाजपा को मिलेगा, जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि यह जरूर मिलेगा क्योंकि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने आगे बढ़कर गरीबों को समस्त विकास




योजनाओं का फायदा पहुंचाया है। इसलिए लोगों में अपनी जाति के नेताओं पर आश्रित रहने की भावना खत्म होने लगी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले लोग जाति का सहारा इसलिए लेते थे क्योंकि उन्हें लगता था कि फलां व्यक्ति हमारी जाति का है, वह हमारा काम करेगा। जैसे गैस कनेक्शन दिलाना, सरकारी योजना के तहत मकान दिलाना,बिजली कनेक्शन आदि। पहले की सरकारों ने ऐसी व्यवस्था बना दी थी, इसलिए लोग ऐसे नेताओं को खोजते थे। लेकिन भाजपा सरकार ने इस परंपरा को बदला है। सरकार खुद आगे बढ़कर गरीबों के लिए सारी सुविधाएं पहुंचा रही है। इसलिए लोगों में जाति के नेताओं पर आश्रित होने की भावना खत्म हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं के लिए नये अवसर, अपराधों पर नियंत्रण तथा कोरोनाकाल में हर प्रकार की मदद ने उनके जीवन को आसान बनाया। केंद्र और राज्यों की योजनाओं का सौ फीसदी कवरेज का फायदा भी उन्हें मिला है। सबसे बड़ी बात यह है कि वंचित तबकों को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। इसलिए उनका फिर से भाजपा को आशीर्वाद मिलना तय है।

## सपा सरकार में अपराधियों का घर बन गया था आजमगढ़: सीएम योगी

### भाजपा की डबल इंजन की सरकार आजमगढ़ को नई पहचान दे रही है

**मऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि आजमगढ़ जिला सपा सरकार में आतंक और अपराधियों का घर बन गया था, जिससे जिले के युवाओं के लिए पहचान का संकट पैदा हो गया था। सीएम ने कहा कि भाजपा सरकार ने आजमगढ़ को विकास के माध्यम से एक नई पहचान दी। आजमगढ़ के सदर और सगड़ी विधानसभा में को सीएम ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री जी के



नेतृत्व में आजमगढ़ को नई पहचान दे रही है। आजमगढ़ पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जुड़ गया है और महाराज सुहैल देव के नाम पर विश्वविद्यालय बन रहा है। उन्होंने कहा, पिछली सरकार ने केवल इस जगह की छवि खराब की है। आजमगढ़ के युवकों को देश के अन्य हिस्सों में होटलों से लौटा दिया गया। आजमगढ़ पहचान की संकट का सामना कर रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में आजमगढ़ में जहरीली शराब पीने से कई लोग मर गए। इसमें सपा का प्रत्याशी का नाम आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के सांसद सपा के मुखिया अखिलेश यादव हैं, लेकिन कोरोना काल में एक बार भी नहीं आए जबकि मैं तीन बार आया। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया को विधायक का चुनाव भी यहीं से लड़ना चाहिए था, पर हार के डर से भाग गए। खुद के बारे में बताते हुए कहा कि मैं गोरखपुर से सांसद था और वहीं से ही विधायक का भी चुनाव लड़ रहा हूं।

## खास खबर

### कांग्रेस नेता बोले- यदि तीसरा विश्व युद्ध परमाणु है तो चौथा धनुष-बाण से लड़ा जाएगा

**नई दिल्ली।** यूक्रेन और रूस के बीच जारी घमासान जारी है। रूसी सेना ने यूक्रेन के औद्योगिक शहर खेरसन पर कब्जा कर लिया है। इसी बीच दुनियाभर में तीसरे विश्व युद्ध को लेकर चर्चा तेज हो गई है। इसको लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि यदि तीसरा विश्व युद्ध परमाणु है तो निश्चिंत रहें कि चौथा विश्व युद्ध धनुष-बाण से लड़ा जाएगा। कांग्रेस नेता ने ट्वीट में लिखा कि यदि तीसरा विश्व युद्ध परमाणु है तो निश्चिंत रहें कि चौथा विश्व युद्ध धनुष-बाण से लड़ा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया के नेताओं को परमाणु युद्ध करने से बचना चाहिए क्योंकि अब उपलब्ध परमाणु हथियार दुनिया को विलुप्त होने में बदलने में सक्षम हैं। परमाणु पर ब्रांडिंग न करें। बीते दिनों रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा था कि अगर रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी रहा तो परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से तीसरा विश्व युद्ध छिड़ जाएगा और यह काफी विनाशकारी होगा। रूस के इस बयान के बाद पश्चिमी देशों की चिंताएं और भी ज्यादा बढ़ गई हैं।

### यूक्रेन से कुत्ते के साथ भारत लौटीं आर्या 20 किमी चलीं पैदल

**नई दिल्ली।** केरल की मेडिकल छात्रा आर्या एल्ड्रिन युद्धग्रस्त यूक्रेन से अपने पालतू कुत्ते के साथ सुरक्षित भारत लौटी हैं। आर्या को युद्ध से तबाह देश से भागने का मौका मिला था, लेकिन उन्होंने अपने कुत्ते के बिना जाने से इनकार कर दिया। उनके लिए अपने कुत्ते को लेकर लौटना आसान नहीं था। इसके लिए उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसे लेकर उनकी काफी तारफी हो रही है। इडुक्की से एमबीबीएस सेकेंड ईयर की छात्रा ने कहा, ÷मैंने तय किया था कि अगर मैं अपने देश वापस जाऊंगी तो जायरा मेरे साथ होगी। मुझे इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ी और कई प्वाइंट्स पर पूछताछ के लिए मजबूर किया गया। कुछ लोग मुझ पर हंसे भी। एक बार तो मुझे 20 किलोमीटर पैदल चलना था, इसलिए सायरा को ले जाने के लिए मुझे अपने कपड़े के थैले फेंकने पड़े। अब मैं राहत महसूस कर रही हूं कि सायरा मेरे साथ है। वह आज शाम को कोच्चि के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट से रवाना होंगी। उन्होंने कहा कि चारों ओर खंडहरों के बीच जायरा का पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज तैयार करने के लिए उन्हें दो दिन तक मेहनत करनी पड़ी। निकासी बस में अपने पालतू जानवर के साथ यात्रा करते आर्य की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। वह बुधवार रात रोमानिया के बुखारेस्ट से फ्लाइट में सवार हुईं। आर्या ने दिल्ली आकर बताया, ÷छह महीने की सायरा लंबी सैर या युद्ध की दुर्दशा के लिए अभ्यस्त नहीं है। इसके बावजूद उसने मेरा पूरा सहयोग किया। एक समय वह काफी थक गई थी, क्योंकि उसके पैरों पर छाले दिखाई दे रहे थे। मैंने उसे ले जाने के लिए अपना बैग फेंक दिया। हिल स्टेशन मुन्नार में मेरे कुछ रिश्तेदार हैं, मौसम परिवर्तन के साथ ढलने के लिए कुछ दिनों के लिए मैं जायरा के साथ यहीं रहूंगी।

### 7 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेजे गए महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नवाब मलिक

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में महाराष्ट्र के मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक को 7 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेजा गया है। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को महाराष्ट्र के वरिष्ठ मंत्री नवाब मलिक को भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद महाराष्ट्र सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के 62 वर्षीय मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रवक्ता मलिक को 8 दिन की ईडी हिरासत में भेजा गया था। हालांकि गुरुवार को उनकी हिरासत को बढ़ाकर 7 मार्च कर दिया गया है। विशेष पीएमएलए अदालत ने महाराष्ट्र के मंत्री और राकांपा नेता नवाब मलिक की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत 7 मार्च तक बढ़ा दी है। ईडी के अधिकारियों ने कहा था कि मलिक के 1993 के मुंबई बम विस्फोटों से जुड़े लोगों से संबंध थे।

### मंत्री स्वाति सिंह के पति दयाशंकर के काफिले पर बलिया में हमला

**लखनऊ।** योगी सरकार में मंत्री स्वाति सिंह के पति भाजपा प्रत्याशी दयाशंकर सिंह के काफिले में पर बलिया में हमला हुआ है। उनकी दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त कर दी गई हैं। सड़क पर कार के सामने वाहन लगाकर हमला करने का आरोप लगाया गया है। दयाशंकर सिंह ने हमले के लिए माफिया और मऊ सदर से विधायक मुख्तार अंसारी के लोगों पर आरोप लगाया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। बताया जाता है कि दयाशंकर सिंह अपने समर्थकों के साथ दुबहड़ थाना क्षेत्र के अखार निवासी पूर्व जिपं सदस्य पिंटू सिंह के पिता के निधन पर पूछार करने गये थे।

## न्यूज़ ट्रैक....

### पाकिस्तान में टेस्ट श्रृंखला में क्लीन स्वीप करना ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य : लियोन

**इस्लामाबाद** । न्यूजीलैंड के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने कहा है कि उनकी टीम 24 साल बाद हुए अपने इस पाकिस्तान दौरे में सभी मैच जीतने के इरादे से उतरेगी। लियोन ने कहा कि साल 1998 के बाद पहली बार आस्ट्रेलियाई टीम पाक पहुंचकर उत्साहित है। अब टीम की नजरें शुक्रवार से शुरु हो रही तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 3-0 से जीत दर्ज करना है। लियोन ने पिंडी क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास के बाद कहा, 'सभी मैच जीतना बहुत बड़ी चुनौती होगी लेकिन मैं यह सोचकर इस टेस्ट श्रृंखला में उतर रहा हूं कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके इसमें 3-0 से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा, 'हमने 2019 से विदेशों में कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। हम यहां काफी युवा टेस्ट टीम लेकर आये हैं और हम घरेलू श्रृंखलाओं में शानदार प्रदर्शन करके यहां आये हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम रविवार को यहां पहुंची और उसे पहले टेस्ट मैच से पूर्व अभ्यास के लिये केवल तीन सत्र ही मिलेंगे। उसे 22 दिन के अंदर तीन टेस्ट मैच खेलने हैं जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं। टेस्ट श्रृंखला के बाद ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन एकदिवसीय और एक टी20 मैच भी खेले जाएंगे। लियोन ने कहा कि टीम के पासा सभी क्षेत्रों में अच्छे खिलाड़ी हैं। हम जो भी टीम उतारेंगे वह बेहतर प्रदर्शन ही करेगी।

### प्रो लीग मुकाबलों से प्रदर्शन बेहतर हुआ : सविता

**भुवनेश्वर** । भारतीय महिला हॉकी टीम की कार्यवाहक कप्तान सविता पूनिया के अनुसार एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों से टीम को आगामी टूर्नामेंटों विश्व कप और एशियाई खेलों के लिए अपने खेल को बेहतर करने का अच्छा अवसर मिला है। एशियाई खेल 2024 में होने वाले पेरिस ओलिम्पिक के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी हैं , इसलिए इन खेलों का महत्व और बढ़ जाता है। भारतीय महिलाओं ने अब तक हुए एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम ने इस साल के शुरू में ओमान के मस्कट में शुरूआती दो चरण के मुकाबले में चीन को 7-1 और 2-1 से हराया था। सविता ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने से टीम के कापफी फायदा हुआ है। इस दौरान खिलाड़ियों ने अपनी गलतियों का आंकलन किया है। इसका लाभ हमें बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भी होगा। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान विशेष रुप से अपने प्रदर्शन पर रहा है। हम लंबे समय से प्रो लीग में खेलने का इंतजार कर रहे थे क्योंकि हमें इससे विश्व की शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का अवसर मिला है। इन मुकाबलों से टीम को पता चला है कि किस क्षेत्र में उसे क्या करना है।

### सीएसके को झटका , आईपीएल से बाहर हुए चाहर

**नई दिल्ली** । तेज गेंदबाज दीपक चाहर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वे सत्र से बाहर हो गये हैं। आईपीएल मुकाबले 26 मार्च से शुरू होने हैं। इससे पहले ही उनके बाहर होने से सीएसके को करारा झटका लगा है क्योंकि चाहर को टीम ने 14 करोड़ रुपये की मोटी रकम में खरीदा था। पैर में लगी चोट के कारण चाहर टी20 लीग से बाहर हुए हैं। वह गत दिनों वेस्टइंडीज सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे।

# महिला एक दिवसीय विश्वकप कल से, खिताब जीतने भिड़ेंगी आठ टीमें



**मुम्बई** । महिला विश्व कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुक्रवार से न्यूजीलैंड में शुरु होगा। इस 12वें विश्कप कप का सभी टीमों को बेसब्री से इंतजार है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत मेजबान टीम न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले मुकाबले से होगा। वहीं पिछले बार की उपविजेता भारतीय टीम का पहला मुकाबला 6 मार्च को परंपरा-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से होगा। इस विश्व कप में मेजबान कीवी टीम सहित आठ टीमें खिताब के लिए आमने-सामने होंगी। इसके लिए मेजबान टीम ने पहले ही क्वालिफाई कर लिया था जबकि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और भारत ने साल 2017 से लेकर 2021 तक खेली गई महिला चैंपियनशिप में शीर्ष 5 में रहते हुए प्रवेश हासिल किया है। वहीं बची हुई तीन टीमों का फैसला क्वालिफायर रद्द होने के कारण एकदिवसीय रैंकिंग से हुआ। गौरतलब है कि कोविड-19 की वजह से यात्रा प्रतिबंधों को देखते हुए पिछले साल नवंबर-दिसंबर में जिम्बाब्वे में खेला जाने वाले विश्व कप क्वालिफायर नहीं हो पाया था। इसके बाद बाकी तीन टीमों का फैसला एकदिवसीय रैंकिंग के आधार पर किया गया। पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश को अवसर मिला है। वहीं श्रीलंका, थाईलैंड और आयरलैंड की महिला टीमें विश्व कप में प्रवेश हासिल नहीं कर पायी हैं। बांग्लादेश की टीम पहली बार खेलेगी।

विश्वकप के पहले मुकाबले में पांच मार्च को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमों के बीच मुकाबला होगा। वहीं 13 मार्च को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलियाई महिला टीमों के बीच टक्कर होगी। इस दौरान अंतिम राउंड रॉबिन मुकाबला 28 मार्च को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा. आईसीसी महिला विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल मैच 30 और 31 मार्च को खेले जाएंगे। जबकि 3 अप्रैल को खिताबी मुकाबला होगा। जाएगा। इसके साथ ही अगर बारिश के कारण रिजर्व-डे के दिन मैच नहीं हुआ तो फाइनल में पहुंचने वाली टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया जाएगा।

### विजेता टीम को मिलेंगे दो अंक

मैच में विजेता टीम को 2 अंक दिए जाएंगे। वहीं अगर मैच टाई रहता है तो दोनों टीमों को 1-1 अंक मिलेंगे। राउंड रॉबिन स्टेज के दौरान टाई रहे मैच के लिए सुपर ओवर नहीं होगा। अगर राउंड रॉबिन मुकाबलों के दौरान 2 टीमों के अंक बराबर होते हैं तो उनमें से बेहतर नेट रन रेट वाली टीम को प्रवेश मिलेगा पर यदि दोनों टीमों का नेट रनरेट भी टाई रहता है तो फिर हेड टू हेड मुकाबलों के आधार पर टीम क्वालिफाई करेगी। वहीं सुपर ओवर केवल सेमीफाइनल और फाइनल मैच के टाई रहने पर ही खेला जाएगा।

### छह स्थलों पर खेले जाएंगे मैच

महिला क्रिकेट विश्व कप के मैच 6 स्थलों पर खेले जाएंगे। यह स्थल हैं ऑकलैंड, क्राइस्टचर्च, डुनेडिन, हैमिल्टन, माउंट मॉनमानुगई और वेलिंगटन. वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मैच वेलिंगगटन और क्राइस्टचर्च। फाइनल मैच वेलिंगटन में खेला जाएगा। महिला विश्व कप मैचों के दौरान डीआरएस (डीआरएस) प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा। हर टीम को पारी के दौरान 2 रिव्यू मिलेंगे।

### बायो-बबल नहीं होगा

आईसीसी विश्व कप के दौरान टीमों को सख्त बायो-बबल में नहीं रखेगा । इसके बावजूद यह महिला क्रिकेट विश्व कप नियंत्रित माहौल में खेला जाएगा। आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस के मुताबिक, परीक्षण कम होंगे। विश्वकप का फाइनल जीतने वाली टीम को करीब 9.90 करो? रुपए मिलेंगे। यह पुरस्कार राशि साल 2017 में इंग्लैंड में खेले गए विश्व कप से दोगुनी है। वर्ल्ड कप की इनामी राशि को 75 फीसदी बढ़ाया गया है। इसमें उपविजेता को 4.50 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमों को 2.25-2.25 करो? रुपए जबकि अन्य चार टीमों में से प्रत्येक को 18.76 लाख रुपए दिए जाएंगे।

### दस फीसदी दर्शकों प्रशंसकों को मिलेगा प्रवेश

टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबलों में मैदान पर सिर्फ 10 फीसदी दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश दिया जाएगा। आयोजकों को उम्मीद है कि जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा तो इसके बाद दर्शकों की संख्या भी बढ़ेगी।

### ऑस्ट्रेलिया रही है छह बार विजेता

मौजूदा चैम्पियान इंग्लैंड की महिला टीम ने 4 बार विश्व कप जीत जीता है जबकि ऑस्ट्रेलिया ने सबसे अधिक 6 बार खिताब अपने नाम किया है। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम एक बार विश्व कप ट्रॉफी जीतने में सफल रही है। वहीं भारतीय टीम पिछली बार विश्व कप में उपविजेता रही थी।

इस बार भारतीय महिला टीम की कप्तान मिताली राज विश्व कप में उतरते ही एक नया रिकार्ड अपने नाम करेगी। मिताली सबसे ज्यादा 6 विश्व कप में कप में भाग लेने वाली विश्व की पहली महिला क्रिकेटर बनेंगी। मिताली ने विश्वकप मुकाबलों में अब तक 1139 रन बना चुकी हैं। इसके अलावा भारतीय टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने विश्व कप में अब तक 36 विकेट लिए हैं। अगर वह चार विकेट और लेती हैं तो विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी बन जाएंगी।

# विश्व कप शुरु होने से पहले ऑस्ट्रेलिया को झटका , एश्ले पॉजिटिव होने के कारण शुरुआती मैचों से बाहर



**हैमिल्टन ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) महिला विश्व कप मुकाबला शुक्रवार से न्यूजीलैंड में शुरु होने वाला है। वहीं इससे पहले ही ऑस्ट्रेलियाई टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम की स्टार ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर जांच में कोरोना संक्रमित पायी गयी हैं। महिला विश्व कप में इस बार बायो-बबल नहीं रखा गया है पर कोरोना का एक मामला मिलने से अब सख्ती बढ़ सकती है। संक्रमण के कारण गार्डनर टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबलों से बाहर रहेंगी। गार्डनर को 10 दिनों के लिए पृथकवास में भेज दिया गया है। गार्डनर अब रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद ही टीम से जुड़ पाएंगी। ऐसे में उनके तीसरे मुकाबले तक वापसी की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व कप में अपना तीसरा लीग मैच मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी.

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अनुसार अन्य सभी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ जांच में नेगेटिव पाये गये हैं। ऐसे में टीम शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ तय कार्यक्रम के अनुसार अपना मैच खेलेगी।' टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में मेजबान न्यूजीलैंड का मुकाबा वेस्टइंडीज से होगा। इन मुकाबलों में स्टेडियम में 10 फीसदी प्रशंसकों को प्रवेश मिलेगा। महिला विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है। मेग लेनिंग (कप्तान), राचेल हेंस (उप कप्तान), निकोला केरी, एश्ले गार्डनर, ग्रेस हैरिस, अलीसा हीली, जेस जोनासेन, अलाना किंग, बेथ मूनी, ताहलिया मैक्ग्रा, एलिस पेरी, मेगन शट, अनाबेल सदरलैंड, अमांडा जेड वेलिंगटन. रिजर्व खिलाड़ी– हीथर ग्राहम, जॉर्जिया रेडमायने।

विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया का कार्यक्रम ः ऑस्ट्रेलियाई टीम टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 5 मार्च को इंग्लैंड से खेलेगी। इसके बाद 8 मार्च को पाकिस्तान, 13 मार्च को न्यूजीलैंड, 15 मार्च को वेस्टइंडीज, 22 मार्च को दक्षिण अफ्रीका और 25 मार्च को बांग्लादेश से खेलेगी।

# धोनी मेरे आदर्श हैं : ऋचा घोष





**नई दिल्ली** । न्यूजीलैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने कहा है कि भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उनके आदर्श हैं। ऋचा ने न्यूजीलैंड दौरे पर 26 गेंदों पर सबसे तेज अर्धशतक का रिकार्ड अपने नाम किया है। पूरी सीरीज में इस बल्लेबाज का प्रदर्शन शानदार रहा है। ऋचा का एक वीडियो बीसीसीआई के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर अपलोड किया गया है, जिसमें 18 वर्षीय इस प्रतिभावान क्रिकेटर का साक्षात्कार कप्तान मिताली राज ने लिया है। बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाली ऋचा ने अभी तक भारत के लिए 7 वनडे और 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वनडे में उनके नाम 222 रन जबकि टी20 में 180 रन दर्ज हैं। ऋचा ने अपना वनडे डेब्यू ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सितंबर 2021 में किया था। उस मुकाबले में वह 29 गेंदों पर 32 रन बनाकर नाबाद लौटीं थीं। ऋचा ने ऑस्ट्रेलिया की महिला बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेंस की ओर से भी खेला है। मिताली ने जब ऋचा से पूछा कि वह किसे अपनी प्रेरणा मानती हैं, तो इस पर इस दाएं हाथ की बल्लेबाज ने कहा, 'पहले मैं अपने पापा को फॉलो करती थी। मैंने शुरुआत पापा के साथ ही खेलकर की थी। वह भी पहले खेलते थे। उसके बाद जब मैंने धीरे-धीरे इंडिया का मैच देखना शुरू किया, तो मैंने मैंने धोनी को फॉलो करना शुरू किया

## व्यापार न्यूज

### फेडरल रिजर्व इसी महीने बढ़ाएगा ब्याज दरें: पॉवेल

**वाशिंगटन** । अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने इस महीने नीतिगत ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने की घोषणा की। पॉवेल ने अमेरिकी संसद में दिए अपने बयान में कहा कि इस महीने से फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में बढ़ोतरी करना शुरू कर देगा। अमेरिका में मुद्रास्फीति के बढ़ते स्तर से परेशान फेडरल रिजर्व के इस कदम की संभावना पहले से ही जताई जा रही थी। यह वर्ष 2018 के बाद फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में बढ़ोतरी का पहला मौका होगा। हालांकि पॉवेल ने इसका ज्यादा संकेत नहीं दिया कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में बढ़ोतरी कितनी तेजी से करेगा। फेडरल रिजर्व की 15-16 मार्च को होने वाली बैठक में मानक अल्पकालिक ब्याज दरों में बढ़ोतरी का फैसला लिए जाने की उम्मीद है।

### मैक्स लाइफ ने पीएफ अनुषंगी कंपनी का किया गठन

**नई दिल्ली** । निजी बीमा कंपनी मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी मैक्स लाइफ पेंशन फंड मैनेजमेंट लिमिटेड का गठन किया है और उसमें 5.5 करोड़ शेयरों के माध्यम से 55 करोड़ रुपए लगाएगी। मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी के तौर पर मैक्स लाइफ पेंशन फंड मैनेजमेंट लिमिटेड का गठन कंपनी अधिनियम 2013 के तहत किया गया है। मैक्स लाइफ की मूल कंपनी मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज ने शेयर बाजार को इसकी सूचना दी। इस बयान के मुताबिक मैक्स लाइफ इस पीएफ कंपनी में 5.5 करोड़ शेयर खरीदकर 55 करोड़ रुपए लगाएगी। यह कदम मैक्स लाइफ के निदेशक मंडल की बैठक में नौ नवंबर, 2021 को पारित प्रस्ताव के अनुरूप है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे मजबूत

**मुंबई** । घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रूख से गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे च?कर 75.62 पर पहुंच गया। विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण रुपए में बढ़त सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 75.76 पर खुला और बाद में बढ़त के साथ 75.62 के स्तर पर पंहुचा गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 18 पैसे की बढ़त को दर्शाता है।

### एग्री-टेक स्टार्टअप में निवेश बढ़कर 6,600 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली** । एग्री-टेक स्टार्टअप कंपनियों में निवेश चार साल में काफी बढ़कर वर्ष 2020 तक लगभग 6,600 करोड़ रुपए हो गया। एक रिपोर्ट के अनुसार कृषि मूल्य श्रृंखला में अक्षमताओं को दूर करने वाली कंपनियों की तेज विकास क्षमता के कारण यह संभव हुआ है। भारतीय कृषि ने अतीत में कुछ चुनौतियों का सामना किया है। हालांकि, यह क्षेत्र एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है जहां प्रौद्योगिकी और सटीक जानकारी उन चुनौतियों का काफी हद तक व्यवस्थित रूप से समाधान कर सकती है।




**मजबूती के साथ खुले शेयर बाजार**

# सेंसेक्स में 350 अंक की तेजी और निफ्टी 16,700 पर



**मुंबई ।** रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद एशियाई बाजारों में सकारात्मक रूख से गुरुवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 350 अंक से अधिक चढ़ गया। इस दौरान 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 353.52 अंक की बढ़त के साथ 55,822.42 पर था। इसी तरह एनएसई निफ्टी 110.45 अंक चढ़कर 16,716.40 पर आ गया। सेंसेक्स में सर्वाधिक करीब दो फीसदी की बढ़त इंडसइंड बैंक के शेयर में हुई। इसके अलावा पॉवरग्रिड, एनटीपीसी, विप्रो, टाटा स्टील और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर एशियन पेंट्स, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले इंडिया और टीसीएस के शेयर नुकसान में रहे और इनमें करीब 1.09 फीसदी की गिरावट आई। पिछले सत्र में तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के आ?खिरी में 778.38 अंक की गिरावट के साथ 55,468.90 अंक पर बंद हुआ था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 187.95 अंक फिसलकर 16,605.95 अंक पर आ गया था। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.83 प्रतिशत बढ़कर 116.13 डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को सकल आधार पर 4,338.94 करोड़ रुपए के

### सोना और चांदी की कीमत बढ़ी

**मुंबई ।** घरेलू बाजारों में मांग बढने् से पिछले कारोबार के बाद से गुरुवार को सोना और चांदी की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। गुरुवार को दस ग्राम 24-कैरेट सोना 1,090 रुपए प्रति दस ग्राम की तेजी के साथ 52,040 रुपए पर बिक रहा है। जबकि 10 ग्राम 22 कैरेट सोना 1,000 रुपए प्रति दस ग्राम रुपए की तेजी के साथ 47,700 रुपए पर बिक रहा है। बीते दस दिन में सोने की कीमत में करीब 2000 रुपए प्रति किलोग्राम इजाफा देखने को मिल चुका है। एक किलो चांदी पिछले कारोबार से 2,200 रुपए ऊपर 67,200 रुपए पर बिक रही है। उत्पाद शुल्क, राज्य कर और मेकिंग चार्ज के कारण देश भर में सोने और चांदी की कीमतें बदलती रहती हैं। एक वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में 24 कैरेट सोना 52,040 रुपए पर बिक रहा है। इन शहरों में 22 कैरेट सोने की कीमत 47,700 रुपए है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना 53,240 रुपए पर बिक रहा है। चेन्नई में 22 कैरेट सोने की कीमत 48,800 रुपए है। उत्पाद शुल्क, राज्य कर और मेकिंग चार्ज के कारण देश भर में सोने और चांदी की कीमतें बदलती रहती हैं। चेन्नई में एक किलो चांदी की कीमत 72,100 रुपए है। दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में कीमत 67,200 रुपए है। वहीं दूसरी ओर विदेशी बाजारों में सोना और चांदी की बात करें तो तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। कॉमेक्स पर सोना 10 डॉलर प्रति ओंस की तेजी के साथ 1932.10 डॉलर प्रति ओंस पर कारोबार कर रहा है। जबकि गोल्ड स्पॉट सपाट लेवल 1928 डॉलर प्रति ओंस पर है। वहीं दूसरी ओर चांदी के दाम कॉमेक्स पर 25.31 डॉलर प्रति ओंस पर है।

### रिलायंस के उपक्रम और सनमीना ने इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण संयुक्त उपक्रम गठित

**नई दिल्ली ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की अनुषंगी आरएसबीवीएल और सनमीना कॉर्पोरेशन ने कहा है कि वह भारत में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के लिए संयुक्त उपक्रम का गठन करेगा। यह उपक्रम कम्युनिकेशन नेटवर्किंग, रक्षा और एयरोस्पेस जैसे विविध क्षेत्रों में उच्च प्रौद्योगिकी वाले अवसंरचना हार्डवेयर के क्षेत्र में काम करेगा। रिलायंस स्ट्रेटेजिक बिजनेस वेंचर्स लिमिटेड (आरएसबीवीएल) की इस संयुक्त उपक्रम में 50.1 फीसदी हिस्सेदारी और सनमीना की 49.9 फीसदी हिस्सेदारी होगी। जानकारी के मुताबिक आरएसबीवीएल मुख्य रूप से सनमीना की मौजूदा भारतीय इकाई में नए शेयरों में 1,670 करोड़ रुपए तक के निवेश के माध्यम से यह स्वामित्व हासिल करेगी। यह लेनदेन नियामक मंजूरी के बाद सितंबर 2022 तक पूरा हो सकता है। एक बयान में कहा गया है कि एकीकृत विनिर्माण समाधान कंपनी सनमीना कॉर्पोरेशन और रिलायंस स्ट्रेटेजिक बिजनेस वेंचर्स लिमिटेड ने कहा है ?कि सनमीना की मौजूदा भारतीय इकाई (सनमीना एससीआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एसआईपीएल) में निवेश के जरिए संयुक्त उपक्रम बनाने के लिए दोनों कपंनियों के बीच करार हुआ है।

# टाटा हैरियर और सफारी होगी पेट्रोल इंजन के साथ पेश



**नई दिल्ली ।** स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स की अपकमिंग कारों में टाटा अल्ट्रोज के ऑटोमैटिक वेरिएंट के साथ ही अल्ट्रोज इलेक्ट्रिक और अपडेटेड 2022 नेक्सॉन ईवी का बेसब्री से इंतजार है। टाटा मोटर्स इस साल अपनी पावरफुल एसयूवी टाटा हैरियर और सफारी को पेट्रोल इंजन के साथ भी पेश करने वाली है। टाटा मोटर्स अपनी इलेक्ट्रिक कारों का पोर्टफोलियो इस साल और बढ़ाने की तैयारी में है और नेक्सॉन ईवी एसयूवी और टिगोर ईवी सेडान के बाद अब कंपनी प्रीमियम हैचबैक टाटा अल्ट्रोज का इलेक्ट्रिक वेरिएंट भी लॉन्च करेगी। कंपनी ने ऑटो एक्सपो 2020 में अल्ट्रोज ईवी को शोकेस किया था और अब 2 साल बीतने के बाद कंपनी आने वाले समय में अल्ट्रोज ईवी को सड़कों पर उतार देगी। इसी के साथ कंपनी अगले एक-दो महीनों में अपनी बेस्ट सेलिंग इलेक्ट्रिक कार नेक्सॉन ईवी का बेहतर बैटरी रेंज वाला अपडेटेड मॉडल लॉन्च करने वाली है। 2022 नेक्सॉन इलेक्ट्रिक में कुछ कॉस्मेटिक बदलावों के साथ ज्यादा पावरफुल बैटरी होगी, जिसकी रेंज 400 किलोमीटर के करीब हो सकती है।

टाटा मोटर्स आने वाले दिनों में अपनी प्रीमियम हैचबैक अल्ट्रोज का ऑटोमैटिक वेरिएंट भी लॉन्च करेगी। फिलहाल अल्ट्रोज को सिर्फ मैनुअल ट्रांसमिशन में पेश किया गया है। अल्ट्रोज ऑटोमैटिक की टेस्टिंग जारी है और जल्द ही यह लोगों के हाथों में होगी। इसी के साथ टाटा हैरियर और टाटा सफारी के पेट्रोल वेरिएंट की भी टेस्टिंग जारी है और आने वाले दिनों में ये दोनों एसयूवी अपने पेट्रोल अवतार में लोगों के सामने होगी। दरअसल, भारत में एक्सयूवी700 और एमजी हेक्टर प्लस के साथ ही अन्य 7 सीटर और 5 सीटर कारें पेट्रोल वेरिएंट में हैं और उनकी बिक्री भी खूब हो रही है। ऐसे में टाटा मोटर्स अब पेट्रोल वेरिएंट वाले हैरियर और सफारी लाने की तैयारी में है। बता दें कि इस साल इंडियन कार मार्केट में बहार लाने की तैयारी में है। एसयूवी सेगमेंट में दबदबा बनाने वाली देसी कंपनी इस साल इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में अपनी पोजिशन और मजबूत करने की कोशिश में है। इसके साथ ही टाटा अपनी मिडसाइज पावरफुल एसयूवी को पेट्रोल वेरिएंट में भी पेश करने की तैयारी में है।

### यूरो मुद्रा वाले 19 देशों में मुद्रास्फीति बढ़कर 5.8 फीसदी पहुंची

**लंदन** । यूरोप में फरवरी महीने में मुद्रास्फीति बढ़कर रिकार्ड 5.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह लगातार चौथा महीना है जब मुद्रास्फीति रिकॉर्ड स्तर पर रही। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था बुरे दौर से गुजर रही है। यूरोपीय संघ की सांख्यिकी एजेंसी यूरोस्टेट ने बताया कि यूरो मुद्रा के चलन वाले 19 देशों में उपभोक्ता मूल्य में फरवरी में सालाना आधार पर 5.8 फीसदी की वृद्धि हुई है। इससे उपभोक्ता तो परेशान हैं ही, यूरोप के केंद्रीय बैंक पर भी दबाव बढ़ रहा है। वर्ष 1997 के बाद मुद्रास्फीति का यह उच्च स्तर है। इससे पहले पिछले महीने यह 5.1 फीसदी के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तरह यूरोप में भी ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति बढ़ रही है तथा इस समस्या को यूक्रेन पर रूस के हमले ने और भी जटिल बना दिया है।

# महज 19 साल की उम्र में करोड़ों कमाती है अवनीत कौर, हॉट लुक में आई नजर



जैसे कि आप सब जानते ही हैं कि टेलीविजन इंडस्ट्री में कई ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने बहुत ही कम उम्र में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत कर दी हो और आज वह लोगों के दिलों पर राज कर रहे हो इन्हीं में से एक है अवनीत कौर . बता दें कि अवनीत कौर अलादीन नाम तो सुना ही होगा और चंद्र नंदिनी जैसी सीरियल में काम कर चुकी है लेकिन उन्होंने बहुत ही कम उम्र में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत कर दी थी अवनीत कौर की उम्र मात्र 19 साल है लेकिन दिखने में वह काफी हॉट हो चुकी है .आए दिन वह अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती है जिससे लोगों के बीच काफी पसंद किया जाता है. हाल ही में उन्होंने कुछ तस्वीरें शेयर कि आप इन तस्वीरों में देख सकते हो कि वह गार्डन में हॉट पोज देती हुई नजर आ रही है. अवनीत कौर का जन्म पंजाब में हुआ था। अवनीत ने 2010 में अपने करियर की शुरुआत की, वह पहली बार टेलीविजन पर दिखाई दी। जब उन्होंने रियलिटी शो, डांस इंडिया डांस ली मास्टर्स में भाग लिया, जिसमें वह शीर्ष 3 प्रतियोगियों में एक थी। फिर अवनीत रियलिटी शो, डांस के सुपरस्टार में दिखाई दी। 2012 में अवनीत ने अपना एक्टिंग का डेब्यू टीवी शो मेरी मां के साथ बाल कलाकार के रुप में टीवी पर शुरुआत की जिसमें अवनीत झिलमिल की भूमिका निभाई थी। 2012 में उन्होंने शो झलक दिखला जा सीजन-5 में भाग लिया, जिसमें अवनीत ने अभिनेता दर्शील सफरी के साथ भागीदारी की थी। वर्ष 2013 में उन्होंने जीटीवी के शाक एक मुट्ठी आसान में पाख कपूर की भूमिका में दिखाई दी थी। हमारी सिस्टर टीटी, ट्विस्टर वाला लव, चंद्र नंदिनी, अलादीन ना तो सुना होगा जैसे कई धारावाहिकों में काम किया। टेलीविजन के अलावा अवनीत ने फिल्म इंडस्ट्री में भी काम किया है। उन्होंने फिल्म मर्दानी में रानी मुखर्जी की भांजी का किरदार निभाग था। इस फिलम को करते समय उनकी आयु मात्र 14 वर्ष थी।

## अनुराग बसु सेट पर नटखट बच्चे की तरह होते हैं : शिल्पा शेट्टी

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने फिल्मकार अनुराग बसु, जो डांस रियलिटी शो सुपर डांसर : चैप्टर 4 में उनके साथ जज की भूमिका निभा रहे हैं, उनकी तारीफ की है। शिल्पा ने कहा है कि अनुराग का



सेट पर होना अपने आपमें मजेदार होता है। अभिनेत्री ने कहा, आपके आसपास दादा (अनुराग बसु) का होना मजेदार है। वह सेट पर एक नटखट बच्चे की तरह होते हैं। वह हमेशा हमें हंसाते रहे हैं और उनकी बोलने की एक खास शैली है, जो मनोरंजक और प्रिय है। वह कहती है कि बसु बड़े शरारती हैं और प्रैंक (मजेदार तरीके से बेवकूफ बनाना) करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा किसी न किसी प्रैंक पर कायम रहते हैं और हमारी टांग खींचने का एक मौका तलाशते रहते हैं। इसके साथ ही शिल्पा ने यह भी कहा कि हालांकि किसी भी गंभीर मुद्दे पर वह काफी स्नेह के साथ पेश आते हैं। शो में उनकी सहयोगी जज गीता के बारे में बताते हुए शिल्पा ने कहा कि वह और गीता दोनों ही बसु की कंपनी का आनंद लेते हैं। कोरियोग्राफर गीता कपूर भी शो को जज करती हैं। सुपर डांसर चैप्टर-4 27 मार्च से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

## फिल्म ए थर्सडे में पुलिस की भूमिका में दिखेंगी नेहा

आरएसवीपी मूवीज ने ब्लू मंकी फिल्म्स के साथ अपनी आगामी डायरेक्ट-टू-डिजिटल थ्रिलर ए थर्सडे से नेहा धूपिया का लुक रिलीज कर दिया है। बेहजाद खंबाटा द्वारा निर्देशित और लिखित, यह फिल्म गुरुवार को होने वाली अकल्पनीय घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में प्रतिभाशाली अभिनेत्री एसीपी अल्वारेज नामक एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं जहां वह पैंट, शर्ट और ब्लेजर में अपने किरदार के लिए एकदम



परफेक्ट दिख रही हैं, जिसे नेहा ने रॉल की हुई स्लीव्स, एविएटर्स और ऊपर बंधे बालो के साथ अपना यह लुक पूरा किया है। फिल्म में एक बुद्धिमान प्ले स्कूल टीचर, नैना जेयसवाल की कहानी दिखाई गई है जो यामी गौतम द्वारा अभिनीत है और वह 16 बच्चों को बंधक बना लेती है। पहली बार यामी को एक ग्रे किरदार में दिखाते हुए, नेहा फिल्म में पुलिस वाले की भूमिका में दिखाई देंगी। ए थर्सडे के निर्माता रोनी स्क्रूवाला आरएसवीपी के तहत ए थर्सडे का निर्माण करेंगे क्योंकि वह हमेशा नई स्क्रिप्ट और प्रतिभाओं की तलाश में रहते हैं।

# नैना गांगुली ने तोड़ी बोल्डनेस की सारी हदें, फोटो देख नजर हटाना होगा मुश्किल




साउथ इंडस्ट्री की बेहद बोल्ड अदाकारा नैना गांगुली जो कोलकाता से हैं. कोलकाता जिसे हम सिटी ऑफ़ जॉय के नाम से जानते हैं नैना की अदाकारी के जलवे वहां काफी चर्चित हैं. नैना गांगुली ने कई मॉडल शूट्स के साथ राम गोपाल वर्मा की फिल्म भी की है. इसके अलावा भी नैना ने कई एड फिल्म्स और तेलगू फिल्मों में काफी काम किया है. नैना गांगुली ने राम गोपाल वर्मा की जिस फिल्म में काम किया था उससे प्रभावित होकर उन्होंने अपनी दूसरी फिल्म 'मेरी बेटी सनी लियोनी बनना चाहती है' में भी काम दिया था. इस फिल्म को काफी लोगों ने पसंद दिया था जिसकी वजह से उनको काफी शोहरत मिली. एक्ट्रेस नैना को इस फिल्म के अलावा भी वेब सीरीज के लिए भी जाना जाता है. एक्ट्रेस नैना गांगुली की वेब सीरीज जोहार में उनके अंदाज को देखकर को हर कोई दीवाना हो गया था. उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इस वेब सीरीज के लिए काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा था।

# केले के 5 अनूठे स्वास्थ्य लाभ हैं जिनके बारे में आपको पता होना चाहिए

केला एक पौष्टिक फल है। कई अध्ययनों से पता चला है कि इससे शरीर को मजबूत रखने वाले कई लाभकारी तत्व मिलते हैं। साथ ही पाचन में सुधार करता है। कब्ज जैसी समस्याएं समाप्त हो जाती हैं, एनीमिया की घटना कम हो जाती है और प्रतिरक्षा में सुधार होता है। हालांकि, यह अंत नहीं है, यदि आप नियमित रूप से केले खाना शुरू करते हैं, तो कई और फायदे हैं।

हाल ही में अलबामा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। उनके अनुसार, यदि आप प्रतिदिन केले जैसे पोटैशियम से भरपूर फल खाना शुरू करते हैं, तो धमनियों का प्रदर्शन काफी बढ़ जाता है। नतीजतन, स्वाभाविक रूप से दिल के स्वास्थ्य में सुधार होने में देर नहीं लगती है। जब दिल ठीक से काम करना शुरू करता है, तो शरीर के बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। अब सवाल यह है कि इस फल का उपयोग हृदय के स्वास्थ्य को सुधारने के साथ-साथ शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कैसे किया जा सकता है? यहाँ कुछ हैं जिन्हें मैंने दिलचस्प पाया हैः

### 1- मधुमेह को खत्म करता हैः

लगभग 3 ग्राम आहार फाइबर सिर्फ केला खाने से शरीर में प्रवेश करता है। नतीजतन, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रण से बाहर जाने का मौका नहीं मिलता है। यही कारण है कि टाइप 1 और 2 मधुमेह वाले रोगियों को इस फल को खाने की सलाह दी जाती है। अगर आप इस कठिन बीमारी से दूर रहना चाहते हैं, लेकिन इस केले को नियमित रूप से खाना महत्वपूर्ण है!



### 2- पाचन में सुधारः

आयुर्वेदिक शास्त्रों के अनुसार, केले में कुछ ऐसे तत्व होते हैं जो पाचन रस के स्राव को बढ़ाते हैं। परिणामस्वरूप, यह स्वाभाविक रूप से पाचन में सुधार करता है। इसलिए अगर पूजो के बाद पेट ठीक नहीं रहता है, तो आज से ही नियमित रूप से केला खाना शुरू कर दें। आपको लाभ दिखाई देगा।

### 3- त्वचा की सुंदरता बढ़ाता हैः

अगर आप केला खाने के बाद केले के छिलके को चेहरे पर लगा सकते हैं, तो जैसे-जैसे त्वचा के रोग कम होंगे, त्वचा की खोई चमक वापस आ जाएगी। वास्तव में, केले के छिलके में कई लाभकारी तत्व एक विशेष भूमिका निभाते हैं। संयोग से, केले के छिलके में फायदेमंद फैटी एसिड भी इस मामले में एक विशेष भूमिका निभाते हैं।

### 4-एनीमिया जैसी बीमारियों में कमीः

केले में आयरन की एक बड़ी मात्रा होती है, जो शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं के स्तर को बढ़ाकर एनीमिया को कम करने में विशेष भूमिका निभाता है। तो जो लोग इस तरह की बीमारी से पीड़ित हैं, अगर वे लोहे के अलावा केला खा सकते हैं, तो यह एक बड़ा लाभ हो सकता है।

### 5-रक्तचाप नियंत्रण :

केले में मौजूद पोटैशियम शरीर में नमक के संतुलन को बनाए रखने में विशेष भूमिका निभाता है।

# मर्डर देखकर परेशान हो गई थीं परवीनः इमरान हाशमी



मर्डर देखकर परेशान हो गई थीं परवीनः इमरान हाशमी बॉलिवुड का सीरियल किसर ऐक्टर इमरान हाशमी ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने लिए एक अच्छा मुकाम बना लिया है। इमरान को बॉलीवुड क?रिअर से कभी कोई दिक्कत नहीं रही है मगर इससे उनकी पर्सनल लाइफ में कई बार परेशानियां आई हैं। इमरान हाशमी ने 2006 में अपनी पुरानी गर्लफ्रेंड परवीन साहनी से शादी की थी। परवीन हमेशा लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करती हैं मगर इमरान अपनी वाइव के बारे में कई बार खुलकर बात कर चुके हैं। बॉलिवुड का सीरियल किसर ऐक्टर इमरान हाशमी ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने लिए एक अच्छा मुकाम बना लिया है। इमरान को बॉलीवुड क?रिअर से कभी कोई दिक्कत नहीं रही है मगर इससे उनकी पर्सनल लाइफ में कई बार परेशानियां आई हैं। इमरान हाशमी ने 2006 में अपनी पुरानी गर्लफ्रेंड परवीन साहनी से शादी की थी। परवीन हमेशा लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करती हैं मगर इमरान अपनी वाइव के बारे में कई बार खुलकर बात कर चुके हैं। साल 2014 में कॉफी विद करण में इमरान हाशमी ने बताया था कि जब पहली बार परवीन ने उनके साथ मर्डर में उनके इंटीमेट सीन देखे तो परेशान हो गई थीं। परवीन इतनी परेशान हो गई थीं कि उन्होंने इमरान हाशमी का हाथ इतनी जोर से पकड़ा कि उसमें नाखून गढ़ गए और इमरान के हाथ से खून निकलने लगा।

# नींबू के 7 अलग-अलग फेस पैक इस सरल तरीके से बनाएं, 15 मिनट में त्वचा चमक जाएगी

गर्मियों में त्वचा की टैनिंग और सनबर्न आम समस्याएं हैं। छाता और दुपट्टा का उपयोग करने के बाद धूप भी त्वचा को परेशान कर सकती है। ऐसे मामलों में त्वचा का आंतरिक पोषण और मजबूती आवश्यक है। गर्मियों में त्वचा की देखभाल के लिए नींबू बहुत उपयोगी हो सकता है। आज हम आपके लिए 7 फेस मास्क बनाने के अलग-अलग तरीके लेकर आए हैं। यह फेस मास्क बनाने में बहुत आसान है। आपको नींबू में एक और घटक मिलाकर एक फेस मास्क बनाना है। सिर्फ 2 मिनट में फेस मास्क बनाना सीखें और इस्तेमाल करें।

### समर लिI्ड फेस पैक

गर्मियों के मौसम में आप हर्बल चीजों का इस्तेमाल कर त्वचा को ठंडक पहुंचा सकते हैं। नींबू इसके लिए सबसे सस्ता और आसान विकल्प है। निम्नांकित चीजों को एक साथ मिलाकर आप नींबू का तरल फेस मास्क बना सकते हैं।

- आलू का रस
- ककड़ी का रस
- शहद
- एलो जूस
- दही
- टमाटर का रस
- केले

### टैनिंग की समस्या को दूर करता है

अगर त्वचा पर टैन है, तो आप इससे



छुटकारा पा सकते हैं सिर्फ 2 से 3 दिनों में। इसके लिए आप निम्नलिखित दो चीजों को मिलाकर फेस मास्क बना सकते हैं।

### 3 बड़े चम्मच खीरे का रस

- 1 चम्मच नींबू का रसः इस मिश्रण को रुई की मदद से प्रभावित जगह पर लगाएं। मिश्रण लगाने के बाद, इसे 2 से 3 मिनट तक सूखने दें और फिर मिश्रण को दूसरी बार लगाएं। आपको इस प्रक्रिया को दिन में दो बार करना होगा। दोनों समय के बीच कम से कम 4 घंटे का अंतर होना चाहिए। यह आपकी त्वचा को पूरी तरह से ठीक करने और टैनिंग की समस्या को दूर करने में मदद करेगा। नींबू और आलू दोनों ही त्वचा पर प्राकृतिक ब्लीच का काम करते हैं। इसके अलावा, अगर नींबू एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल के रूप में काम करता है, तो आलू मेलेनिन के उत्पादन को कम करता है। यह त्वचा को जल्दी निखारने में मदद करता है।
- **धूप से बचाता हैः** सनबर्न से बचाव के लिए खीरे के रस और नींबू से अपनी त्वचा को पोषण दें। इस मिश्रण को दिन में एक बार त्वचा पर लगाएं। हर दिन ऐसा करने से आपकी त्वचा हाइड्रेट रहेगी और धूप और गर्मी के कारण त्वचा जल नहीं पाएगी। इसके लिए 3 चम्मच खीरे के रस और 1 चम्मच नींबू के रस को मिलाएं। इस मिश्रण को कॉटन की मदद से चेहरे पर लगाएं। पहले लागू कोटिंग सूखने के बाद मिश्रण को फिर से लागू करें। पूरे मिश्रण के समाप्त होने तक उसी विधि का उपयोग करें। 15 मिनट के बाद, इसे ताजे पानी से बंद कर दें।
- **त्वचा की चमक बढ़ाता हैः** त्वचा को उजला करने के लिए नींबू के रस के साथ एलोवेरा जूस मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर लगाएं। अब 2 से 3 मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें। रात को सोते समय इसका इस्तेमाल करें और रात भर इसे लगा रहने दें। आपकी त्वचा पर प्राकृतिक चमक बढ़ जाएगी। एलोवेरा जूस आपकी त्वचा को ठीक करेगा। नींबू प्राकृतिक ब्लीच के गुणों से त्वचा को पोषण देगा। इसका रोजाना इस्तेमाल करें। अगर आप चाहें तो चेहरे, गर्दन और हाथों पर भी प्रयोग करें। ऐसा इसलिए क्योंकि स्लीवलेस पहनने पर हाथों की त्वचा का रंग फीका पड़ने लगता है।
- **सूखापन दूर करता हैः** शुष्क त्वचा वाली महिलाओं में इस समस्या का खतरा अधिक होता है। चिलचिलाती गर्मी और गर्म हवा के कारण त्वचा शुष्क हो जाती है और त्वचा टूटने लगती है। इससे बचाव के लिए इस नींबू के मिश्रण को चेहरे पर लगाएं।

### 1 चम्मच शहद

- 1 चम्मच नींबू का रसः इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर अच्छे से लगाएं, फिर 15 मिनट बाद चेहरा धो लें। हर दिन ऐसा करने से त्वचा शुष्क नहीं होगी और आप गर्मियों में खूबसूरत त्वचा का आनंद ले पाएंगे।
- **चिड़चिड़ापन दूर करता हैः** अगर त्वचा में जलन हो रही है, तो गर्मी और धूप के कारण चेहरे पर या शरीर में कहीं और धब्बे बन जाते हैं और त्वचा निकल रही है या त्वचा फट रही है।

## आमजन के पैमाने पर कितना खरा उतर पायेगा राजस्थान बजट!

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

आमजन को संतुष्ट करने की दृष्टि से राजस्थान सरकार द्वारा घोषित वर्ष 22-23 का आम बजट आमजन के पैमाने पर कितना खरा उतर पायेगा, यह तो आने वाला कल ही बता पायेगा पर इस बजट को लेकर मिली जुली प्रतिक्रिया आ रही है जहां सत्ता परू इसे जनहितकारी बता रहा है वहीं विपक्ष इसे आगामी विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये लोकलुभावना बता रहा है। इसे चुनावी बजट भी माना जा रहा है जब कि राजस्थान में विधान सभा चुनाव आगामी वर्ष 2023 के अंत में होने वाला है, इससे पहले सरकार एक और बजट आमजन को दे सकती है। इस कारण यह चुनावी बजट तो हो नहीं सकता पर इस बजट के माध्यम से सरकार आमजन को अपने पक्ष में करने का प्रयास जरूर कर रही है। इस बजट में पहली बार 5 हजार करोड़ का कृषि बजट की अलग से घोषणा की गई है जिसके माध्यम से प्रदेश के किसानों को हर तरह से संतुष्ट करने का प्रयास किया गया है । इस कृषि बजट के तहत 11 मिशन राजस्थान सुक्ष्म सिचाई , जैविकखेती , बीज उत्पादन एवं बितरण, मिलेट्स प्रोत्साहन, संरक्षित खेती, उद्यानिकी विकास, फसल सुरक्षा, भूमि उर्वरकता, कृषि श्रमिक संबल, कृषि तकनीक , खाद्य प्रसस्करण के नाम जारी कर प्रदेश के किसानों को राहत देने की बात की जा रही है। जिसमें 7 हजार किसानों को 150 करोड़ का अनुदान , नये कृषि महाविद्यालय एवं निःशुल्क बीज देना भी शामिल है। इस बजट में आमजन के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखते हुये प्रदेश भर में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार किया गया है जिसके तहत चिरंजीवी योजना में प्रति परिवार सालाना पांच लाख रू. की बीमा राशि को बढ़ाकर 10 लाख रू. किये जाने, चिरंजीवी कार्ड नहीं होने पर ईला ज के लियेजिला कलेक्टर भी कर सकेंगे निर्देशित ,राज्य के सभी राजकीय चिकित्सालय में समस्त प्रदेशवासियों के लिये ओपीडी एवं इनडोर निःशुल्क जांच, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना,15 मेडिकल कॉलेज, एक हजार उप स्वास्थ्य केन्द्र, सहित अनेक प्रकार की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा एवं दवाई आदि का प्रावधान शामिल है। शिक्षा एवं रोजगार क्षेत्र में ,36 नये कन्या महाविद्यालय, 3 हजार 820 सैककन्डरी विद्यालयों को हायर सैककन्डरी करने , एक हजार महात्मा गांधी अंग्रेजी स्कूल खोलने, सावित्री बाई फूले वाचनालय, आगामी वर्ष तक 1 लाख रोजगार देने , जुलाई माह मे रीट परीक्षा आयोजित कर 32हजार पद को 62 हजार पद भरने,, बिजली के क्षेत्र में आमजन को 50 यूनिट तक बिजली फ्री करने, वर्तमान दरों को कम कर आम आदमी को राहत देने ,इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना, 10 हजार शिक्षकों की भर्ती, 32 नये औद्योगिक क्षेत्र, सहित हर क्षेत्र में नये कर न लगाकर वर्तमान करों में राहत देते हुये आमजन को राहत देने का प्रावधान किया गया है। अब देखना है कि वर्तमान बजट आम जन के पैमाने पर कितना खरा उतर पाता है।

# वैज्ञानिक कुशलता का परिचायक है एकीकृत दृष्टिकोण

**डॉ. शंकर सुवन सिंह**

वास्तविक ज्ञान ही विज्ञान है। प्राकृतिक विज्ञान प्रकृति और भौतिक दुनिया का व्यवस्थित ज्ञान होता है,या फ़िर इसका अध्ययन करने वाली इसकी कोई शाखा। असल में विज्ञान शब्द का उपयोग लगभग हमेशा प्राकृतिक विज्ञानों के लिये ही किया जाता है। इसकी तीन मुख्य शाखाएँ हैं ः भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान। रसायन का वास्तविक ज्ञान, रसायन विज्ञान है। भौतिकी का वास्तविक ज्ञान, भौतिक विज्ञान है। जीव का वास्तविक ज्ञान, जीव विज्ञान है। कृषि का वास्तविक ज्ञान, कृषि विज्ञान है। खाद्य का वास्तविक ज्ञान, खाद्य विज्ञान है। दुग्ध का वास्तविक ज्ञान दुग्ध विज्ञान है। आदि ऐसे अनेक क्षेत्रों में विज्ञान है। रसायन, भौतिकी, जीव-जंतु, कृषि, खाद्य, दुग्ध, आदि अनेक क्षेत्रों के वास्तविक ज्ञान से राष्ट्रहित संभव है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी का एक दूसरे से घनिष्ठ सम्बन्ध है। विज्ञान का सम्बन्ध ज्ञान से है अर्थात नए ज्ञान की खोज (डिस्कवर)। प्रौद्योगिकी का सम्बन्ध अविष्कार (इन्वेंशन) से है। बिना ज्ञान के अविष्कार संभव नहीं है। मकान रूपी अविष्कार, स्तम्भ रूपी ज्ञान पर टिका हुआ है । बिना नीव या स्तम्भ के मकान का खड़ा हो पाना असंभव है। उसी प्रकार विज्ञान के बिना, प्रौद्योगिकी का होना असंभव है। एक पुरानी कहावत है - आवश्यकता अविष्कार की जननी है। जब मानव को जीवित रहने के लिए कुछ जरूरी हो जाता है तो वह किसी भी तरह से उसे प्राप्त करने के लिए जुट जाता है। इसका अर्थ यह है कि आवश्यकता हर नए आविष्कार का मुख्य आधार है। यह मानवीय आवश्यकता ही थी जिसने पहले व्यक्ति को खाने के लिए भोजन खोजने, रहने के लिए घर का निर्माण करने और जंगली जानवरों से बचने के लिए हथियार बनाने का कार्य किया। यदि इन सभी चीजों की मनुष्य अस्तित्व के लिए ज़रूरत नहीं होती तो वह इन सभी का आविष्कार नहीं करता। मानव जीवन की जरूरतें ही अविष्कार का कारण बनी। कहने का तात्पर्य यह है कि प्रौद्योगिकी मानव जीवन की जरूरतों को पूरा करती है। विज्ञान का लक्ष्य ज्ञान प्राप्त करना है जबकि प्रौद्योगिकी का लक्ष्य वैज्ञानिक सिद्धांतों को लागू करने वाले उत्पादों का निर्माण करना है। आधुनिक विज्ञान की त्वरित खोजों ने प्रौद्योगिकी को तेजी से विस्तार करने में सक्षम बनाया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बीच का यह सम्बन्ध तकनीकी परिवर्तन की गति को संभव बनाया है। विज्ञान नए ज्ञान को,अवलोकन और प्रयोग के माध्यम से व्यवस्थित रूप से खोजता है। प्रौद्योगिकी विभिन्न उद्देश्यों के लिए वैज्ञानिक ज्ञान का अनुप्रयोग है। विज्ञान हमेशा उपयोगी होता है। प्रौद्योगिकी, मानव जीवन के लिए उपयोगी हो सकता है या हानिकारक हो सकता है। उदाहरण के लिए, एक कंप्यूटर उपयोगी हो सकता है पर बम हानिकारक होगा। विज्ञान का उपयोग भविष्यवाणियां करने के लिए किया जाता है जबकि प्रौद्योगिकी, मानव जीवन को सरल बनाता है और लोगों की आवश्यकता को पूरा करता है। अतएव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का उच्चारण एक साथ किया जाता है। टिकाऊ भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण का होना आवश्यक है। मानव जीवन के भविष्य को शानदार और टिकाऊ बनाने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी दोनों को एक साथ लेकर चलना होगा। भारत में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में सन् 1986 से प्रति वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (नेशनल साइंस डे) मनाया जाता है। प्रोफेसर सी वी रमन (चंद्रशेखर वेंकटरमन) ने सन् 1928 में कोलकाता में इस दिन एक उत्कृष्ट वैज्ञानिक खोज की थी,जो 'रमन प्रभाव' के रूप में प्रसिद्ध है। रमन की यह खोज 28 फरवरी 1930 को प्रकाश में आई थी। इस कारण 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस कार्य के लिए उनको 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करना,प्रेरित करना तथा विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है।



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस देश में विज्ञान के निरंतर उन्नति का आह्वान करता है तथा इसके विकास के द्वारा ही हम समाज के लोगों का जीवन स्तर अधिक से अधिक खुशहाल बना सकते हैं। रमन प्रभाव में एकल तरंग- धैर्य प्रकाश (मोनोक्रोमेटिक) किरणें जब किसी पारदर्शक माध्यम ठोस,द्रव या गैस से गुजरती है तब इसकी छितराई किरणों का अध्ययन करने पर पता चला कि मूल प्रकाश की किरणों के अलावा स्थिर अंतर पर बहुत कमजोर तीव्रता की किरणें भी उपस्थित होती हैं। इन्हीं किरणों को रमन-किरण भी कहते हैं। भौतिक शास्त्री सर सी वी रमन एक ऐसे महान आविष्कारक थे,जो न सिर्फ लाखों भारतीयों के लिए बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। यह किरणें माध्यम के कणों के कम्पन्न एवं घूर्णन की वजह से मूल प्रकाश की किरणों में ऊर्जा में लाभ या हानि के होने से उत्पन्न होती हैं। रमन किरणों का अनुसंधान की अन्य शाखाओं जैसे औषधि विज्ञान,जीव विज्ञान,भौतिक विज्ञान,खगोल विज्ञान तथा दूरसंचार के क्षेत्र में भी बहुत महत्व है। मुंशी प्रेमचंद ने क्या खूब कहा है -÷विज्ञान में इतनी विभूति है कि वह काल के चिह्नों को भी मिटा दे। विज्ञान में ढेर सारी खूबियां होती है जो राष्ट्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर करता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस(नेशनल साइंस डे) सत्र 2022 ई. का प्रसंग (थीम) है - सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण। इस थीम से स्पष्ट होता है कि ÷आत्मनिर्भर भारत÷ के निर्माण में भारत के वैज्ञानिक कौशल की प्रमुख भूमिका होगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से जुड़े वैज्ञानिक संस्थानों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और स्वायत्त वैज्ञानिक संस्थानों में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उत्सव कार्यक्रमों में सहयोग, उत्प्रेरण और समन्वयन के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। डीएसटी ने 1987 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों की स्थापना की। ये पुरस्कार हर साल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रदान किए जाते हैं। इसी के साथ-साथ, विज्ञान दिवस पर विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) द्वारा एसईआरबी महिला वैज्ञानिकों को उत्कृष्टता पुरस्कार और लोकप्रिय विज्ञान लेखन के लिए पीएचडी एवं पोस्ट डॉक्टोरल शोधार्थियों को 'अवसर' (एडब्ल्यूएसएआर) पुरस्कार भी प्रदान किए जाते हैं। कोई भी राष्ट्र बिना मानव के संभव नहीं है। राष्ट्र मानव श्रृंखला से ही निर्मित होता है। विज्ञान सत्य को उजागर करता है। विज्ञान असत्य पर सत्य की जीत का परिचायक है। विज्ञान अंधविश्वास को ख़त्म करता है। विज्ञान जीवन को विश्वास से परिपूर्ण करता है। सर आर्थर इग्नाशियस कॉनन डॉयल ने कहा था कि ÷विज्ञान व्यग्रता और अन्धविश्वास रूपी जहर की अचूक दवा है।÷ सर आर्थर इग्नाशियस कॉनन डॉयल,(22 मई 1859 - 7 जुलाई 1930) एक स्कॉटिश चिकित्सक और लेखक थे। देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2022 के बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मिनिस्ट्री ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी) को केंद्रीय बजट (बजट) 2022-23 में 14,217 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मंत्रालय में तीन विभाग विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), जैव प्रौद्योगिकी विभाग और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) हैं।

## सफलता चाहिए तो पहले ये सीखें

किसी भी काम में लगन का अपना महत्व होता है, सफलता आपकी एकाग्रता पर ही निर्भर करती है। आप संसार को पाने की दौड़ में हो या परमात्मा को, जब तक हम ध्यान लगाकर काम नहीं करेंगे कभी ठीक परिणाम नहीं मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप पहले अपने मन को एकाग्र करें, फिर सफलता खुद आपको मिल जाएगी। एक बार की बात है। राजा एक बार युद्ध पर गया। शाम के समय युद्ध के बाद राजा अपने युद्ध के बाद शिविर से थोड़ी दूर जाकर एक वीरान स्थान पर ध्यान लगाकर बैठ गया ताकि उसे थोड़ी शांति मिल सके। अभी राजा नदी के किनारे पर बस ध्यान की मुद्रा में बैठा ही था। वहां से एक युवती दौड़ती हुई निकली, जिसका ध्यान उस ओर तक ना गया कि राजा बैठा है। ना जाने कहां जाने की जल्दी थी। वह राजा से टकराती हुई निकल गई। राजा का ध्यान भंग हो गया उसे बहुत गुस्सा आया। उसने तुरंत शिविर मैं लौटकर आदेश दिया। उस औरत को ढूंढ कर लाया जाए जिसने ये गुस्ताखी की है। उस युवती को इतना भी नहीं दिखा कि देश का राजा ध्यान में बैठा है और वह उसे कुचलती हुई चली जा रही है। सिपाही गए और थोड़ी ही देर में उस युवती को पकड़कर ले आए। राजा ने उस युवती से कहा- बदतमीज लड़की इतना भी नहीं जानती कि ध्यान में बैठे हुए व्यक्ति को इस तरह धक्का लगाकर उसका ध्यान भंग करना कितना बड़ा पाप है। उस युवती ने राजा को पहले ऊपर से नीचे तक देखा और कहा - आपको धक्का लगा जरूर होगा लेकिन मुझे याद नहीं। मैं अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी। मुझे कुछ नहीं पता कि आप कहां ध्यान लगा रहे थे लेकिन मुझे आश्चर्य होता है कि मैं तो अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी।

## पोस्टिक तत्वो से भरपूर अमरूद

**विष्णु अग्रवाल**

रासायनिक इकाईयाँ-अमरूद के छिलके में सबसे पौष्टिक तत्व होते है। अतः अमरूद को छिलका हटाकर नही खाना चाहिए। अमरूद में पानी की मात्रा अधिक होती है। आवंले के बाद अमरूद में ही सर्वाधिक विटामिन सी होता है। अमरूद में लौह तत्व भी प्रचुर मात्रा में होता है।

औषधीय गुणः- अत्यधिक विटामिन सी होने की वजह से अमरूद जुखाम में बहुत फायदेमंद होता है। यह कफकारक, वातवर्द्धक, स्वादिष्ट,शीतल, तीक्ष्ण और जलन को नष्ट करता है। गैस व अपच की शिकायत में कम से कम दो अमरूद अवश्य लेने चाहिए, आराम मिलता है। मुंह में घाव हो या मसूढों से खून आता हो तो अमरूद के पत्तो का काढा बनाकर 5-5 मिनट मुंह में रखकर कुल्ला करें। रोचक तथ्य– किसी जमाने में अमरूद जैसे फल को गरीबो का सेब कहा जाता था, क्योंकि इसमें सारे तत्व पाए जाते है कि शरीर में पहुँचते ही अपनी उपस्थिति दर्ज करा देते है। अमरूद को सदैव खाना खाने के बाद ही लेना चाहिये।

अमरूद एक ऐसा फल है, जो जल्दी किसी को पसन्द नही आता, मानसून से लेकर सदिंयों तक मिलने वाले इस फल में लोग ज्यादा दिलचस्पी नही दिखाते। शायद इसका सस्ता होना ही इसके पसन्द न होने की एक वजह है। बच्चों की बात करें तो उन्हें भी अमरूद पसन्द नहीं आते । मगर स्वास्थ्य के लिहाज से अमरूद बेहद फायदेमंद है। पेट से जुडी सारी समस्याओं से निजात चाहते है तो अमरूद का सेवन लाभदायक है। अमरूद में विटामिन मिनरल और भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। अगर आप अपने शरीर को चुस्त और पतला रखना चाहते है तो अमरूद आपके लिए सही विकल्प है पेट की गर्मी हो या मुँह के छाले ऐसे में अमरूद की कोमल पत्तियां चबाकर खाने से जल्द ही आराम मिलता है। माउथ अल्सर की परेशानी से भी इसकी पत्तियां आराम दिलाती है। अकसर इस भागती दौडती जीवनशैली में तानव और अनियमित भोजन कब्ज का कारण बनते है। ऐसे में अमरूद खाना फायदेमंद होता है। यह कब्ज से छुटकारा दिलाता है इसमें मौजूद विटामिन ए आंखे को और विटामिन सी त्वचा को स्वस्थ्य रखता है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। और बीमारियों से दूर रखता है मुंहासों से छुटकारा चाहिए तो अमरूद बेहद फायदेमंद है यह त्वचा में चमक भी बढ़ाता है। डाईटिंग करने वालो के लिए अमरूद बेहद फायदेमंद है यह बॉडी कॉलेस्ट्राल को कम करता है। जिससे शरीर का वनज संतुलित रहता है। डायबिटीज, ऐर्जिम ,कैसंर और किसी भी तरह का संक्रमरण दूर करने मे अमरूद कारगर है। खून की नलिकाएं त्वचा, आर्गन और हडिडयों की रक्षा करने में अमरूद फायदेमंद है गुलाबी रंग के अमरूद में लाइकोपिन की मात्रा टमाटर से ज्यादा होती है जो अल्ट्रावायेट किरणो से त्वचा की रक्षा करता है। इसमें मौजूद पौटेशियम हमारे हर्ट रेड और ब्लड प्रेशर को भी नियंत्रित रखता है।

अमरूद हमेशा ताजा ही खाए। चाहें तो इसका जूस बनाकर पी सकते है। अमरूद के टुकडो को सलाद के रूप में भी खाया जा सकता है। डेजर्ट में भी इसका इस्तेमाल किया जाता है। बैडीज जेली, जैम में भी अमरूद का इस्तेमाल होता है। विशेषज्ञों के अनुसार इस फल में कई खास गुण छिपे है जो शरीर ओर सेहत के लिए काफी लाभकारी है। अमरूद को तमाम गुणो का खजाना माना जाता है, जिससे यह महिलाओं में फर्टिलिटी बढाता है माँ बनने की चाहत रखने वाली महिलाओं को अमरूद का सेवन जरूर करना चाहिए। वही डायबिटीज के मरीजों के लिए यह फायदेमंद है अमरूद के सेवन से खून में शुगर का स्तर कम होता है इसमें फायबर अधिक मात्रा में होते है। जो शुगर के अवशोषण और इन्सुलिन बढाने में मदद करते है। इसके अलावा, अमरूद में आयोडीन अच्छी मात्रा में पाई जाती है जिससे थायरॉइड की समस्या में आराम होता है, इससे शरीर का हार्मोन्स संतुलन बना रहता है। अमरूद में संतरे के मुकाबले चार गुना अधिक विटामिन सी होता है। विटामिन सी में मौजूद एंटीऑक्सीडेट्स शरीर की प्रतिरोधी क्षमता बढाते है और कैंसर से लडने में शरीर की मदद करते है। वाकई यह फल शरीर के लिए काफी लाभकारी है। अमरूद में मौजूद पोटेशियम शरीर में सोडियम के प्रभाव को कम करता है। जिससे ब्लड प्रेशन का संतुलन बना रहता है इसके अलावा यह शरीर में कोलेस्ट्राल का स्तर कम होता है दांत में इसके पत्ते चबाने से भी काफी आराम मिलता है इससे कब्ज भी दूर होता है। विशेषज्ञ विशेषकर सदियों के मौसम में अमरूद के सेवन की नसीहत देते हैं अमरूद कई मायनों में सेहदमंद है यह कई पौष्टिक तत्वो से भरपूर है बल्कि सेहत से जुडे कई रोगों से दूर रखने में भी मददगार है।

# लड़ाई का मुकाम

### सूडोकु नवताल- 6000

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5999 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

**सिद्धार्थ शंकर**

यूक्रेन के खिलाफ रूसी हमला जारी है। खारकीव समेत कई प्रमुख शहरों लगातार हमले हो रहे हैं। यहां 24 घंटे में हुए हमलों में कम से कम 21 लोग मारे गए हैं और 112 घायल हो गए हैं। आज सुबह रूसी पैराट्रूपर्स ने खारकीव में एक अस्पताल पर हमला किया। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दावा किया है कि जंग में अब तक लगभग 6000 रूसी सैनिक मारे गए हैं। 15,000 रूसी सैनिकों का 64 किमी लंबा काफिला यूक्रेन की राजधानी कीव के करीब पहुंच रहा है। रूसी हमले की तबाही झेल रहे राजधानी से निकलने के लिए स्टेशन पर हजारों लोग संघर्ष कर रहे हैं। वहीं, यूक्रेन की सेना ने पुष्टि की है कि रूसी पैराट्रूपर्स खारकीव शहर में उतरे हैं। इस शहर को पहले ही रूसी सेना ने घेर रखा है। यूक्रेन में हालात बिगड़ते जा रहे हैं, लोगों के पास खाने का सामना खत्म हो रहा है। कई नागरिक इस उम्मीद में हैं कि स्थिति सामान्य होगी। वहीं दुनियाभर में लोग रूस के इस हमले की निंदा कर रहे हैं। पहले रूस के दो दिनों के भीतर यूक्रेन पर कब्जा कर लिए जाने की संभावना थी, लेकिन छह दिन के बाद भी यूक्रेन और रूस की लड़ाई किसी मुकाम पर नहीं पहुंची है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि रूसी सेना अब कीव के चारों तरफ पहुंच चुकी है। इसलिए संभावना है कि कीव पर कब्जा करने में अब



ज्यादा समय नहीं लगेगा। लेकिन यदि रूस कीव कर कब्जा नहीं कर पाता है तो फिर युद्ध कई दिनों तक और लंबा खिंच सकता है। हालांकि रूस से जुड़े सूत्रों का दावा है कि सात मार्च तक रूस, यूक्रेन को पूरी तरह से कब्जे में ले लेगा। यूक्रेन पर कब्जे को लेकर रूस का आकलन सही नहीं निकला। इसके अलावा कुछ और कारण भी इस बीच उत्पन्न हो गए। जैसे यूक्रेन की नागरिक भी युद्ध में कूद पड़े, यूक्रेन को कई देशों से मदद भी मिलने लगी। तीसरे, रूस पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का दबाव भी है, इसलिए उसकी कोशिश है कि युद्ध में नागरिकों को नुकसान न्यूनतम हो। इसलिए रूस उस आक्रामकता के साथ युद्ध नहीं कर रहा है। इन सब कारणों के चलते युद्ध लंबा खिंच रहा है। इसके किसी मुकाम तक पहुंचने में एक सप्ताह का समय और लग सकता है। यह स्पष्ट है कि रूस अब किसी भी सूरत में पीछे हटने वाला नहीं है। युद्ध खत्म होने की दो ही स्थितियां हैं, एक यूक्रेन समर्पण कर दे और दूसरा रूस उस पर काबिज हो जाए। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ समय और लग सकता है, लेकिन यह समय बहुत ज्यादा नहीं होगा क्योंकि यूक्रेन के लिए लंबे समय तक मुकाबला करते रहना आसान नहीं होगा। युद्ध का बड़ा आकार लेने या विश्व युद्ध जैसे खतरे की आशंका नहीं के बराबर है क्योकि नाटो सेनाएं अपने रुख को पहले ही स्पष्ट कर चुकी हैं। लेकिन इस युद्ध से नुकसान पूरी दुनिया को होगा। युद्ध जितना लंबा खिंचेगा नुकसान उतना बढ़ता जाएगा। इस जंग के बाद अगर रूस अपनी सेना को यूक्रेन में छोड़ता है तो वहां राष्ट्रवाद और उग्र रूप धारण कर सकता है। यूक्रेनी जनता रूसी सैनिकों को अपने देश में कतई नहीं बर्दाश्त कर सकती हैं। यूक्रेन की राजनीति में रूसी दखल किसी भी सूरत में पुतिन के लिए शुभ नहीं होगा। ऐसे में यूक्रेन में रूस के समक्ष एक नई तरह की चुनौती पैदा होगी। रूस और यूक्रेनियों के बीच एक नया संघर्ष पैदा होगा। यह रूस के लिए खतरनाक होगा। खासकर पुतिन की सत्ता के लिए घातक होगा। यह स्थिति तब उत्पन्न होगी जब युद्ध के बाद रूस एक अमेरिका और पश्चिमी देशों का कठोर प्रतिबंध झेल रहा होगा। यह रूस के लिए किसी बुरे दिन से कम नहीं होगा।

## अहिंसात्मक युध्य क्या संभव हैं !

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

युध्य हिंसाजन्य होता हैं और इसका मुख्य कारण अभिमान ,हठवादिता होता हैं .इसमें कोई भी पक्ष लाभ को प्राप्त नहीं करता हैं .युध्य विनाश का कारण हैं और उसकी विभीषिका में दुःख ही होता हैं .वर्तमान में रूस और यूक्रेन का युध्य का मुख्य कारण महत्वाकांछा के साथ अहम की लड़ाई हैं .इस समय जो समाचार आ रहे हैं वे अत्यंत भयावह हैं बिना कारण के कोई कार्य नहीं होता और कारण कोई भी बहुत बड़ा नहीं होता हैं .मात्र गलतफहमी या संवादहीनता के कारण यह स्थिति निर्मित होती हैं .इस समय हठवादिता की जगह अनेकांतवाद की जरुरत हैं .यदि इस समय ÷ही÷ की जगह ÷भी ÷का उपयोग करेंगे तो शांति ,अमन स्थापित किया जा सकता हैं .इसी भारत भूमि में एक युध्य अहिंसात्मक भी हुआ हैं .भगवान् ऋषभ देव के पुत्र भरत जिनके नाम से भारत देश का नाम पड़ा हैं वे चक्रवर्ती थे और वे अयोध्या के राजा थे और उनके भाई राजा बाहुबली जो पोदन पुर के राजा थे .उन्होंने भरत की अधीनता नहीं स्वीकारी इस कारण युध्य की घोषणा हुई .दोनों तरफ से सैन्य तैयारी हुई .उसी समय सम्राट भरत और सम्राट बाहुबली के सेनापतियों ने आपस में मंत्रणा कर यह निश्चय किया की यह युध्य दोनों भाइयों के बीच की हैं और इनके कारण लाखों सेना का मरण होगा इससे अच्छा हैं दोनों बलवान हैं इसीलिए दोनों आपस में युध्य करे. इस प्रस्ताव से दोनों सम्राट के बीच दृष्टि युध्य ,जल युध्य और मल्ल युध्य हुआ और बाहुबली विजयी हुए और उन्हें जीतने के बाद आत्म ग्लानि हुई कि ÷इस भूमि और राज्य प्रासाद के पीछे मैं अपने भाई की मौत का भूखा हुआ .धिक्कार हैं धिक्कार हैं और उन्होंने ने राज्य त्याग,आत्म धर्म को अंगीकार किया .जिसकी जीती जागती तस्वीर गोम्मटेश्वर बाहुबली में हैं आज विश्व में भुखमरी ,अशांति ,असंतुलन के साथ बेरोजगारी ,शिक्षा ,स्वास्थ्य आदि कितनी समस्याओं से मानव जूझ रहा हैं और विश्व के शक्तिशाली देश अपना प्रभुत्व जमाने कुछ भी करने को तैयार हैं .शक्तिशाली कोई कितना भी हो उसे अंत में दुनिया छोड़ कर जाना होगा .यमराज के पाश से कोई नहीं बचा हैं और न बच सकता हैं . विश्व व्यापी संक्रमण से अभी उबर नहीं पा रहे हैं और इस युध्य जो दो महाशक्तियों का टकराव हैं ,एक दूसरे को नीचे दिखाने का उपक्रम हैं और इससे तबाही के अलावा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष में होने वाला नुक्सान कि भरपाई की जाना असंभव होती हैं .इस जमी पर बड़ी से बड़ी हस्ती समां गयी .देश तो रहेंगे पर शासक बेमौत मारे जायेंगे .कोई भी अमर नहीं हैं .अमरता शांति ,दया प्रेम में होती हैं।

# किसान की जेब से 50 हजार ले उड़ा चोर, दुकान से दिनदहाड़े 90 हजार रुपए से भरा बैग गायब




**मुरैना।** शहर में अब जेब काटने एवं बैग चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है तथा गुरुवार को दिनदहाड़े चोर ने एक किसान की जेब काट ली तो वहीं दुकान पर रखा रुपयों से भरा बैग गायब कर दिया, जबकि पुलिस अधीक्षक द्वारा बुधवार की शाम को थाना प्रभारियों एवं पुलिस कर्मियों को प्रत्येक क्षेत्र में पैदल गश्त करने के निर्देश दिए थे और उसके दूसरे दिन ही चोरों ने पुलिस को चुनौती पेश करते हुए एक के बाद एक दो बारदाते कर डाली। दोनों मामलों के फरियादियों ने सिटी कोतवाली में आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर 2:30 से 3 बजे के बीच हाकम सिंह सिकरवार पुत्र धर्म सिंह सिकरवार निवासी धर्म सिंह का पूरा चितौरा देवगढ़ ट्रैक्टर का सामान लेने एसपी बंगले के पास स्थित शर्मा डीजल सर्विस की दुकान पर आए हुए थे, जब वह दुकान पर सामान देख रहे थे, उसी बीच एक 17 -18 वर्ष का लड़का आया और 50 हजार रुपए जेब से निकाल कर भाग निकला, जब उन्होंने जेब में पैसे निकालने के लिए हाथ डाला तो रुपए गायब थे। घटना के बाद वहां भीड़ एकत्रित हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। बताया जाता है कि वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में जेब काटने वाले लड़के का चेहरा आ गया है, अब पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

इधर दूसरी घटना नरेशचंद्र गुप्ता पुत्र रामचरण लाल निवासी मुरैना के साथ गुरुवार की दोपहर को घटित हुई। नरेश ने बताया कि वह दोपहर को घर से बैंक में जमा करने के लिए 90 हजार रुपए की रकम बैग में रखकर स्कूटर पर लाया था और एम एस रोड पर ज्ञानेश्वरी मंदिर के पास स्थित चक्की विक्रय की दुकान पर गद्दी पर रख दिए तथा थोड़ा काम में लग गया, तभी कोई अज्ञात व्यक्ति रुपए से भरा थैला लेकर गायब हो गया। काफी तलाशने के बाद नहीं मिला तो आवेदन सिटी कोतवाली पुलिस को दिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। गौरतलब बात यह है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसिया कार्य में कसावट लाने के लिए आए दिन कवायद की जा रही है तथा बुधवार की शाम को ही उन्होंने कोतवाली थाना, स्टेशन रोड थाना एवं सिविल लाइन थाना इंचार्ज सहित पुलिसकर्मियों को शहर के प्रत्येक मार्ग पर तथा ऐसी गलियों जहां पुलिस कभी नहीं जाती, वहां भी पैदल गस्त करने के निर्देश दिए, जिससे की वारदातों पर नियंत्रण किया जा सके, लेकिन इससे पहले कि पुलिस एसपी के निर्देश पर अमल कर पाती, तब तक चोर वा जेबकट गिरोह ने अपना काम शुरू कर दिया और दिनदहाड़े दो वारदात को अंजाम देकर पुलिस महकमे को खुली चुनौती दे डाली।


## शौर्य संचलन की तैयारियों को लेकर ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित

**मुरैना।** देश में पहली बार बजरंग दल का शौर्य संचलन निकाला जा रहा है। निर्धारित तिथियों के क्रम में मध्य भारत प्रांत में मुरैना जिला मैं संचलन 5 मार्च को दोपहर 3 बजे जीवाजी गंज से शुरू होकर



नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए जीवाजी गंज टाउन हॉल में संपन्न होगा। इसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा नगर व ग्राम इकाइयों पर बैठक की जा रही हैं। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने इसी क्रम में हडवांसी, कुम्हेरी गांव में बैठक की। बैठक मैं संगठन मंत्री नवनीत शर्मा, विभाग मंत्री बाल किशन शर्मा, जिला अध्यक्ष सुनील चावला, जिला उपाध्यक्ष कमल दुबे ने गांव के सैकड़ों युवाओं को बजरंग दल की सदस्यता ग्रहण कराई। विश्व हिंदू परिषद जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सिंह सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल युवाओं से आवाहन करता है कि राष्ट्र रक्षा, समाज सेवा, गौ सेवा बहन बेटियों की रक्षा, मठ मंदिरों की रक्षा व धर्मांतरण रोकने हेतु सदस्यता लें एवं 5 मार्च को हो रहे संचलन को भव्य एवं दिव्य बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## अभियोजन अधिकारी डॉ रश्मि ने पुलिस अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण




**भोपाल।** प्रशिक्षण निदेशालय पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक महोदय पी टी एस सागर द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वेबीनार के माध्यम से आयोजित किया गया। गुरूवार को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम बेवीनार का आयोजन वेबेक्स मीटिंग एप्स के माध्यम से ऑनलाईन किया गया। जिसमें व्याख्याता के रूप में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी डॉ रश्मि वैभव शर्मा ने सागर संभाग में पदस्थ पुलिस अधिकारियों को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के संबंध में महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की।

## नाहरदौकी के निवासिरों को अब कीचड़ भरे रास्ते का सामना नहीं करना पड़ेगा

**मुरैना।** मुरैना जिले के जौरा जनपद पंचायत की नाहरदौंकी ग्राम पंचायत के निवासियों को अब कीचड़ भरे रास्तों का सामना नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि गाँव की गलियों में अब सीमेन्ट कांक्रीट की (सड़क) बन गई है। सड़क के किनारे पानी की निकासी के लिये नालियों का निर्माण भी किया गया है। अब नाहदौकी गाँव की तस्वीर बदल गई है।

गाँव के रामकिशन और नरेन्द्र ने बताया कि ग्राम पंचायत नाहरदौंकी की गलियों में कीचड़ भरा रहता था, जिससे ग्राम पंचायत के निवासियों को आने-जाने में बहुत परेशानी होती थी। महिलयें एवं बच्चे और बुजुर्ग गलियों से निकल नहीं पाते थे। लोगों को कीचड़ में चलना आसान नहीं था, लोग अपने रोजमर्रा के कार्य आसानी से नहीं कर पाते थे। अब गाँव की तस्वीर बदल गई है। जौरा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिर्राज शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत नाहरदौंकी में 15वें वित्त एवं महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अभिसरण से ग्राम पंचायत की सभी गलियों में सीसी रोड़ का निर्माण कराया गया है, जिससे ग्राम




पंचायत के निवासियों को आवागमन में अब कोई परेशानी नहीं है। अब लोग अपने रोजमर्रा के काम आसानी से कर पा रहें है। गांव की गंदगी भी खत्म हो गई है। गांव में फैलने वाले पानी के लिये पक्की नालियों का निर्माण भी किया गया है। नाली एवं सीसी रोड़ का निर्माण होने से पूरा गांव स्वच्छ हो गया है। सीसी रोड़ बन जाने एवं घर-घर में शौचालय होने से भारत स्वच्छता मिशन का मकसद भी पूरा हो गया है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2022: सिटीजन फीडबैक के मिलेंगे चार सौ अंक: सोनाली



**मुरैना।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की गाइडलाइन अनुसार नगर निगम को 6 हजार सिटीजन फीडबैक मिलते हैं तो सीधे-सीधे 400 अंक का फायदा स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम को मिलेगा। नगर निगम की सहायक आयुक्त सोनाली नरेडा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में नगर निगम अपनी जनसंख्या का 2 प्रतिशत सिटीजन फीडबैक देता है तो नगर निगम को 400 अंकों का सीधा फायदा मिलेगा। इस संबंध में सहायक आयुक्त द्वारा सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों की बैठक नगर निगम सभागार कक्ष में आयोजित की, जिसमें सभी को सिटीजन फीडबैक की जानकारी दी व लक्ष्य का आवंटन किया गया, जिससे लक्ष्य अनुरूप सिटीजन फीडबैक दिए जा सके। अगर 6 हजार सिटीजन फीडबैक शहर से मिलते हैं तो सीधे-सीधे चार सौ अंक का फायदा स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में नगर निगम को मिलेगा। बैठक में नगर निगम के सभी कंप्यूटर ऑपरेटर, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे।




## केवल बेटियों वाले दम्पत्तियों का सर्वे के बाद होगा सम्मान एवं प्राथमिकता से मिलेगा शासन की योजनाओं का लाभ

**अम्बाह।** अम्बाह नगरीय क्षेत्र में केवल बेटियों के माता-पिता एवं बेटियां होने पर भी परिवार नियोजन कर बेटियों की शिक्षा-दीक्षा को बढ़ावा देने वाली दम्पत्तियों को चिह्नित कर अति शीघ्र समारोह पूर्वक सम्मानित किया जाएगा। साथ ही इन दम्पत्तियों को शासन की सभी योजनाओं को पात्रता के अनुसार तत्काल लाभान्वित कराया जायेगा। उक्त जानकारी अम्बाह एसडीएम राजीव समाधियां ने इस अभिनव पहल को क्रियान्वित करने हेतु आयोजित बैठक में कार्य विभाजन करते हुए दी। बैठक में तहसीलदार राजकुमार नागौरिया, सी एम ओ रामनिवास शर्मा, महिला बाल विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह, समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य, पटवारी शिवमोहन सिंह तोमर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

एसडीएम राजीव समाधियां ने आगे बताया कि ऐसे दंपत्ति जिनको केवल बेटियां है उनका सर्वे होगा ताकि उनको सम्मानित किया जा सके तथा 49 वर्ष से ऊपर के वे दंपत्ति जिन्होंने केवल बेटियो पर परिवार नियोजन अपनाया हो ताकि उनको सम्मानित किया जा सके। इस सर्वे में कल्याणी पेंशन योजना हेतु पात्र हितग्राहियो को भी चिन्हित किया जाएगा एवं कर्मकार मंडल भवन निर्माण हेतु पात्र हितग्राही को भी चिन्हित किया जाएगा। साथ ही बीपीएल पात्रता का भी सर्वे ऐसे दंपति का किया जाएगा। सर्वे का कार्य आगामी सप्ताह से किया जाएगा। सर्वे दल में आँगनाबाडी कार्यकर्ता, नगरपालिका कर्मचारी एवं बीएलओ रहेंगे जो 7 दिवस में सर्वे का कार्य पूरा करके देना है। बैठक का संचालन महिला बाल विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने तथा आभार डॉ सुधीर आचार्य ने किया।



## समाजसेवियों ने सब्जी मंडी अग्नि कांड के पीड़ितों को 66 हजार रुपये की सहायत दी

**कैलारस।** समाजसेवियों ने सब्जी मंडी अग्निकांड में पीड़ित व्यवसायियों को 66000 रुपए सहायता राशि भेंट की है यह राशि सब्जी मंडी के मुखिया रमेश कुशवाह को सब्जी मंडी में जाकर उक्त सहायता राशि पीड़ितों के लिए दी गई है। यह राशि कैलारस के 16 व्यक्तियों के द्वारा इकठ्ठा कर सहयोग स्वरूप दी गई है। यहां बता दें कि कैलारस में 18 फरवरी को अज्ञात कारणों के चलते सब्जी मंडी की 33 दुकानें जलकर खाक हो गई थी जिसके बाद से ही स्थानीय समाजसेवियों के द्वारा अग्निकांड के पीड़ितों के लिए आपस में सहायता राशि इकठ्ठा कर सब्जी व्यवसाइयों को सहायता स्वरूप भेंट की गई है। यह सहायता राशि 16 समाजसेवियों के द्वारा इकठ्ठी की गई और उसे बुधवार को सब्जी मंडी यूनियन के अध्यक्ष एवं कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष रमेश कुशवाहा को भेंट कर सभी पीड़ित 33 दुकानदारों में वितरित करवाया गया है। सहायता देने वालों में बृजेश बंसल, पंकज गर्ग, महेश कुमार पवन कुमार, धर्मेंद्र गोयल हुसैनपुर, सुनील सिंघल सबलगढ़, रामजी लाल प्रमोद कुमार मोहनपुर, सुमित मंगल कोल्हुडांडा, बंटी मंगल हिमांशु होटल, संतोषी मंगल उपाध्यक्ष अग्रवाल महासभा, संजय मंगल टाइप डोंगरपुर, सुभाष गोयल फड वाले,



रविंद्र बंसल सुजानगढी, राजू बंसल तोरिका, रवि बंसल सेवर, रामकुमार मित्तल, बंटी गोयनर पंसारी ने कुल 66 हजार रूपए की राशि एकत्रित कर मंडी में अग्निपीड़ित 33 व्यवसाइयों के लिए सहयोग स्वरूप भेंट की। इस अवसर पर सभी मंडी सदस्यों के द्वारा समाजसेवियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। साथ ही कहा गया है कि ईश्वर अनेक व्यक्तियों को उत्तरोत्तर उन्नति दें। इस अवसर पर मुख्य रूप से बृजेश बंसल, सियाराम सिंह सिकरवार, वीरेंद्र सोलंकी, संजय शाक्य, रमेश कुशवाह व पीड़ित 33 व्यवसायी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# श्री आई जी स्पोर्ट्स क्लब पुणे द्वारा आयोजित सिरवी प्रिमियर लीग एस.पी.एल पूणे सीजन-9 सम्पन्न हुआ

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**पुणे** -एस.पी.चौधरी श्री आईजी स्पोर्ट्स क्लब पुणे के तत्वावधान में आयोजित एस.पी. एल सीजन 9 तारीख 15 फरवरी को विज़न किक्रेट अकादमी ग्राउंड में मां आई जी के चरणों में दिप प्रज्वलित करने के साथ ,क्लब द्वारा स्वागत,शुभकामनाएं ,राष्ट्र गान, नया अंदाज नया आगाज़ के साथ शुभारंभ हुआ। इस बार कुल 12 टीमें भाग ले रही थी, जो टीम नीलामी और खिलाड़ीयों के नीलामी से टीमें बनीं थीं, जो सभी टीमें संतुलित और अच्छी थी। इस वर्ष क्लब ने आई पी एल की तर्ज पर सिर्फ 2 ही ग्रुप बनाए थे जो तारीख 6 फरवरी को रविवार के दिन ड्रा डाला गया। लगातार 30 लीग मैच खेले गए ,जिसमें स्टार इलेवन घेनड़ी और चौधरी टाइगर कोढवा डायरेक्ट सेमीफाइनल में पहुंची।तारीख 24 को 2 कॉटरफाइनल मैंच खेले गए, जिसमें अथर्व केपीटल उदयपुर और पुना वॉरियस ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया ।तारीख 25 फरवरी एस पी एल डे के दिन सुबह पहला सेमीफाइनल मुकाबला चौधरी टाइगर कोढवा और अथर्व केपीटल के बीच खेला गया। जिसमें अथर्व केपीटल फाइनल में पहुंच गई। दुसरा सेमीफाइनल मुकाबला स्टार इलेवन घेनड़ी और पुना वॉरियस के बीच में हुआ जिसमें स्टार इलेवन घेनड़ी ने मेच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद मुम्बई और पुणे के बीच 8-8 ओवर का फ्रेंडली मैच खेला गया और पुणे टीम ने वो मैच आराम से जीत लिया । समय करीब 2.30 बजे थे एस पी एल का मेगा मुकाबला स्टार इलेवन घेनड़ी और अथर्व केपीटल उदयपुर के बीच होना था। विज़न ग्राउंड खचाखच दर्शकों से भरा था। पुणे सिरवी समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी , एस पी एल प्रायोजक, टीम प्रायोजक , टीम सपोर्टर ,एस पी एल के खिलाड़ी, नारी शक्ति और बच्चे उपस्थित थे वो सभी हमारे क्लब के विशेष अतिथि थे। क्लब ने सभी का दिल से स्वागत किया। समय हो चुका था मेगा फ़ाइनल के लिए। दोनों टीमें पीच पर पहुंच चुकी थी और राष्ट्र गान के साथ आगाज किया, फिर टोस के बोस द्वारा टोस किया गया जिसमें अथर्व केपीटल ने टोंस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 66 रन बनाए और स्टार इलेवन घेनड़ी को जितने के लिए 67 रनों का लक्ष्य मिला स्टार इलेवन घेनड़ी ने 9.2 ओवर में 70 रन बनाकर 3 विकेट से एस पी एल सीजन 9 की चैंपियन बनी। क्लब और स्पोर्टस द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को बधाई दी गई,और फाइनल में स्टार इलेवन घेनड़ी के कप्तान नरेश काग बने मैन ऑफ द मैच।टूर्नामेंट में सबसे अच्छा प्रदर्शन प्रकाश सेपटा को मैन ऑफ द सीरीज का अवार्ड दिया गया। टूर्नामेंट में बेस्ट फिल्डर और बेस्ट बल्लेबाज अथर्व केपीटल के कप्तान उमेश सोयल को अवॉर्ड दिया गया। टूर्नामेंट के बेस्ट गेंदबाज रमेश मुलेवा, स्टार इलेवन घेनड़ी के खिलाड़ी,टूर्नामेंट में बेस्ट कीपर का अवार्ड नरेश काग,स्टार इलेवन घेनड़ी के कप्तान टूर्नामेंट में मोस्ट सिक्स का अवार्ड हितेश सिरवी, स्टार गोल्ड कल्याणी नगर के खिलाड़ी, मोस्ट फोर का अवार्ड पारस सिरवी ,चौधरी टाइगर कोढवा के खिलाड़ी और फेयर प्ले अवार्ड काअवार्ड सिंहगढ़ वॉरियस टीम को दिया गया ।क्लब द्वारा एस पी एल के सभी प्रायोजकों और टीम के सभी मालिकों का स्मृति चिन्ह , राजस्थान की आन बान और शान साफा और गुलदस्ता देकर सभी प्रायोजकों का, समाज के मान्यवरों वह क्लब के सदस्यों द्वारा मान सम्मान किया गया। क्लब ने अपने 10 दिन का रिपोर्ट और अपना लेखा जोखा और आभार व्यक्त किया। इस बार दो केमरो की मदद से सभी मैचों का यु टियुब और फेसबुक पर पुरा लाईव टेलीकास्ट किया गया। लाखों दर्शकों ने मैचों का आनंद लिया। प्रायोजकों के सहयोग से इस वर्ष 9 दिन तक सभी खिलाड़ियों और दर्शकों को सवरुची भोजन भी दिया गया ।




## यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव आशीष बेरवा ने किया विधानसभा खंडार का दौरा



**जितेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ पुष्पजाली टुडे**

**राजस्थान** । ग्राम पंचायत गोठ बिहारी में समस्त ग्राम वासियों द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में पूर्व पंचायत समिति सदस्य चुन्नी लाल गुर्जर राजू सैनी महेश सैनी व अन्य समाज बंधुओं ने किया स्वागत

## परीक्षा के मद्देनजर सख्ती, रात 10 बजे बाद नहीं बजेंगे डीजे



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**छत्तीसगढ़** । शेख हसन गरियाबंद -छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा एवं शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा तथा आगामी माह से आयोजित विश्वविद्यालयीन परीक्षाएं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी ने छत्तीसगढ़ कोलाहल नियत्रंण अधिनियम 1985 की धारा 18 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गरियाबंद जिला क्षेत्रांतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंधित किया है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार विशेष परिस्थितियों एवं शासकीय कार्यो के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों की उपयोग करने की अनुमति संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी कोलाहल नियत्रंण अधिनियम 1985 में उल्लेखित शर्तो के अधीन देंगे। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी का यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

## अपराधो का मुख्य कारण है नशा,रोकथाम के लिए हर प्रकार से जागरूकता है जरूरीःपुलिस अधिक्षक

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी**-शहर में जो अपराध होते है उनमें कही न कही नशा एक मुख्य जड़ पाया जाता है लोग नशे की पूर्ति के लिए हर प्रकार के अपराध को अंजाम देता है स्.क्क राजेश सिंह चंदेल ने बताया कि नशा जितना कम होगा उतने ही अपराधी कम होते जायेंगे और प्रशासन के लगातार प्रयास से काफी हद तक हमे सफलता भी प्राप्त हुई है

### जैसे ही नशा खत्म होगा वैसे ही अपराधो पर भी अंकुश लगेगा

नशे पर और शक्थी से रोकथाम के लिए पुलिस अधिक्षक के निर्देशानुसार फिजिकल थाना प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़ ने खिन्नी नाका पर स्तिथ प्रतिज्ञा नशा मुक्ति केंद्र में जाकर संचालक आदित्य अगम तोमर से नशे पर रोकथाम और जागरूकता के लिए सारी जानकारी इकट्ठा की ओर नशे पर रोक के लिए अपनी सभी टीम के साथ जागरूकता फैलाने के भी निर्देश दिए एवं नशा मुक्ति केंद्र पर उपचार ले रहे सभी नशे से ग्रसित लोगो के साथ बातचीत की ओर नशे से दूर होने के लिए प्रेरित किया! नशा मुक्ति के लिए कार्य कर रहे अगम तोमर, निकेतन शर्मा एवं उनकी पूरी टीम को विश्वास दिलाया कि पुलिस प्रशासन भी हर तरह से इस जागरूकता में हर संभव प्रयास एवं मदद करेगी इस मौके पर फिजिकल थाना प्रशासन एवं नशा मुक्ति छेत्र में कार्य कर रहे अगम तोमर, मनजीत यादव, निकेतन शर्मा आदि उपस्थित रहे



## नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर एवं जलकर के प्रकरणों पर नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी**-राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 12 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर एवं जलकर के प्रकरण, जोकि न्यायालय के समक्ष लंबित है अथवा वादपूर्व प्रकरण के निराकरण में नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अर्चना सिंह ने बताया कि नगर पालिका निगम तथा नगर पालिका परिषद तथा नगर परिषद के संपत्ति कर एवं जलकर संबंधी प्रकरण, जोकि न्यायालय के समक्ष लंबित है अथवा वादपूर्व प्रकरण के निराकरण में सम्पत्तिकर अधिभार (सरचार्ज) तथा जल उपभोक्ता प्रभार (सरचार्ज) में 100 प्रतिशत तक की छूट नियमानुसार प्रदान की जाएगी। ऐसे पक्षकार जोकि सम्पत्तिकर तथा जलकर के प्रकरणों में प्रदान की जा रही छूट का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं अथवा छूट के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते है, अपने क्षेत्र के नगर पालिका तथा नगर परिषद कार्यालय अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय शिवपुरी में संपर्क कर सकते है। उपरोक्तानुसार छूट शासन द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन दी जाएगी। साथ ही नेशनल लोक अदालत में निराकृत होने वाले समस्त लंबित प्रकरणों में न्यायशुल्क वापस किए जाने का प्रावधान है।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 13 मार्च को भोपाल में आंदोलन

### मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे शासकीय सेवक, अब प्रदेश भर में होगा आंदोलन तेज

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरीः**- म.प्र. अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राजपूत के आव्हान पर प्रदेश भर में कर्मचारियों ने अपनी लंबित पड़ी मांगों के निराकरण को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। पुरानी पेंशन योजना बहाल करने व पदोन्नति, डीए जैसी कई मांगों को लेकर आज सभी जिलों में ज्ञापन दिया जाकर 13 मार्च को भोपाल में आदोंलन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के सभी कर्मचारियों से सम्मिलित होने की अपील की गई है। म.प्र. अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के




जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पिपलौदा संयोजक दुर्गा प्रसाद ग्वाल एवं महासचिव राजकुमार सरैया ने संयुक्त रूप से वताया कि वर्ष 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को बंद पड़ी पुरानी योजना बहाल करने, पदोन्नति एवं डीए देने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आज 04 मार्चा को प्रांतीय आव्हान पर माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधीश को सौंपा जाएगा। मांगों का निराकरण न होने पर 13 मार्च को भोपाल में आंदोलन किया जाएगा। म.प्र. अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा सभी विभागों के कर्मचारियों से ज्ञापन, आंदोलन में सम्मिलित होने की अपील की गई है। अपील करने वालों में दुवेजी बाथम, प्रकाश पाण्डेय, अशोक सक्सैना, मनोज भार्गव, कल्याण वर्मा, गोविन्द श्रीवास्तव, हरिवल्लभ वर्मा, अरविन्द सरैया, धर्मेन्द्र रघुवंशी, सुरेन्द्र सिंह जादौन, कपिल दुवे, मोहम्मद रासिद, धीरज सिंह राजपूत, विपिन पचैरी, बाबू खां, नासीर अलि खांन, राजीव पुरोहित, राजेन्द्र जैन, हरीश शाक्य, राजेश रावत, मनमोहन जाटव, चन्द्रभान , केदार शर्मा, श्रीमती अंजना गौर, स्नेह रघुवंशी, महावीर मुदगल, नितिन श्रीवास्तव आदि शामिल हैं।

# सरकारी वाहन नही होने से बस चालक कर रहे मनमानी वसूली

### कम दूरी पर वसूल रहे अधिक किराया।

**पुष्पांजली टुडे ब्यूरो विनोद पाठक**

**श्योपुर।** श्योपुर जिले में मध्यप्रदेश शासन की गाइड लाइन को धत्ता दिखाते हुए प्रायवेट बस ऑपरेटर मनमानी करने से बाज नही आरहे है जहा इस श्योपुर का दुर्भाग्य ही कहे तो कोई अतिशयोक्ति नही होगी कि सरकारी वाहनो का संचालन नही होने से प्रायवेट बस ऑपरेटर मनमानी पर उतर आए है जहा प्रायवेट बस ऑपरेटर शासन की रेट लिस्ट से अधिक किराया वसूल रहे है वही बसों के संचालन को लेकर शासन की गाइड लाइन का पालन भी नही कर रहे क्षमता से अधिक सवारियों को बस में ठूस ठूस कर भरा जारहा है इतना ही नही परिवहन विभाग के नियमो को ताक पर रख कर बस की छतों पर सवारी बिठाकर लोगो की जान के साथ खिलवाड़ करने से भी बस ऑपरेटर बाज नही आरहे है।



### विकलांग ओर छात्रों को नही रियायत।

मध्यप्रदेश शासन की ओर से विकलांगओर छात्रों को प्रायवेट बस में सफर किये जाने पर किराए में रियायत दिए जाने के निर्देश परिवहन विभाग की ओर से जारी पत्र के माध्यम से दिए गए है मगर शासन के निर्देशों के बाद भी प्रायवेट बस ऑपरेटर विकलांगो के साथ अभद्रता से पेश आते है ओर छात्रों को किराए में किसी भी तरह की कोई रियायत नही प्रदान कर रहे है जिसको लेकर विकलांग बल और छात्र संगठनों द्वारा अनेको बार शासन और प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत भी कराया जा चुका है मगर प्रायवेट बस ऑपरेटरों की हट धर्मिता के चलते आज दिनांक तक प्रायवेट बसों में रियायत नही मिल सकी है।

### कम दूरी पर वसूल रहे अधिक किराया।

मध्यप्रदेश परिवहन विभाग द्वारा किलो मीटर के अनुसार किराया तय कर रेट लिस्ट जारी की गई है मगर देखने मे आरहा है कि प्रायवेट बस संचालको द्वारा तय दूरी से अधिक यात्रियों से किराए की वसूली की जारही है जहा श्योपुर से दिल्ली की दूरी 400 किलो मीटर पर सवारियों से 1000 एक हजार रुपये किराए के नाम पर वसूला जारहा है वही श्योपुर से अहमदाबाद की दूरी 600 किलो मीटर पर प्रायवेट बस संचालक 1000 एक हजार रुपये यात्रियों से वसूली कर रहे है वही अपने एजंट के माध्यम से अहमदाबाद से श्योपुर वापसी पर यात्रियों से 1222 बढ़ सो बाइस रुपये वसूले जारहे है। इतना ही नही सबलगढ़ ओर ढोढर की यात्रा करने पर शासन की रेट लिस्ट से अधिक किराया वसूले जाने से भी प्रायवेट बस ऑपरेटर बाज नही आरहे है जबकि केनाल रोड का परमिट नही होने पर दूरी बचाने के फेर में सबलगढ़ ओर ढोढर के लिए बाय केनाल बसों का परिवहन कर सवारियों की जान के साथ खिलवाड़ करने से भी बस संचालक बाज नही आरहे शासन प्रशासन और परिवहन विभाग मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही करें तो बाय केनाल हो रहे बसों के संचालन पर कोई अनहोनी होने की आशंका पर विराम लगाया जा सकता है।

## पूर्व संसदीय सचिव जितेंद्र गोठवाल अपने विधानसभा क्षेत्र खंडार का किया दो दिवसीय दौरा



**जितेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ पुष्पजाली टुडे**

**राजस्थान** । अपनी पार्टी के कार्यकर्ता से रणथंबोर सेविका हॉस्पिटल पहुंच कर मुलाकात की साथ ही ग्राम पंचायत मूइ के ग्राम काली डाई पहुंचकर सामाजिक बैठक में भाग लिया

## छत्तीसगढ़ : 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं आज से होंगी शुरू, 3 लाख 80 हज़ार परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**



छत्तीसगढ़ में आज से 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। पहला पेपर आज हिंदी विशिष्ट का है। 10वीं की ये परीक्षा 23 मार्च तक चलेगी। परीक्षा का समय सुबह 9.15 से दोपहर 12.15 बजे तक रखा गया है ।2 साल बाद परीक्षार्थी ऑफलाइन मोड पर एग्जाम दिलाएंगे। प्रदेश भर से लगभग 3 लाख 80 हजार छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। प्रदेश भर में 6, 743 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस बार परीक्षा देने की व्यवस्था अपने ही विद्यालय में की गई है जो पहले दूसरे विद्यालयों में रहती थी । आपको बताते चले कि इस बार कोविड पॉजिटिव छात्रों के लिए भी पेपर देने के इंतजाम किए गए हैं । कोविड पॉजिटिव विद्यार्थियों के लिए अलग से कमरे की व्यवस्था की गई है, जहां वो बैठकर परीक्षा दे पाएंगे । बोर्ड परीक्षा में उड़नदस्ता टीम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इस लिहाज से इस बार जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारियों को ही उड़नदस्ता टीम का सदस्य बनाया गया है ।


## ग्राम सकरिया के किसानों ने वन विभाग द्वारा अवैध भूमि अधिग्रहण के संबंध में कलेक्टर के नाम का तहसीलदार देवेन्द्र नगर को सौंपा ज्ञापन



**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**

**पन्ना ।** देवेंद्र नगर से पन्ना रोड पर लगभग 13 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम सकरिया के स्थानी कृषकों द्वारा वन विभाग की दबंगई के खिलाफ जिला कलेक्टर के नाम देवेंद्र तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन के बिंदुओं के अनुसार झारखंड माता मंदिर रोड पर स्थित जमीनों के पट्टे 1961 में ज्ञापन कर्ताओं के परिजनों को सौंपा गए थे जिस पर उसी समय की मुनारी बनी हुई है जिस पर उनके द्वारा कब्जे का दावा किया जा रहा है पर विगत कुछ दिनों से वन विभाग उत्तर मंडल के कर्मचारियों द्वारा उसे वन विभाग की जमीन बताकर उस पर वृक्षारोपण का कार्य संपादित किया जा रहा है जिससे नाराज किसानों द्वारा आज ज्ञापन सौंपा गया किसानों द्वारा 10 दिनों के अंदर यदि समस्या का निराकरण नहीं होता तो विवादित स्थल पर आमरण अनशन और धरना प्रदर्शन की बात भी कही गई।

## कैलारस के आदित्य जादौन का सैनिक स्कूल में चयन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**कैलारस** सेंट जॉन्स पब्लिक हाई स्कूल कैलारस के छात्र आदित्य सिंह जादौन पुत्र दीपेंद्र सिंह जादौन पत्रकार गस्तोली का सैनिक स्कूल कलाखेरी आंध्र प्रदेश ऑल इंडिया परीक्षा में चयन हुआ है वह दो वर्ष से तैयारी कर रहा था गोवर्धन एकेडमी कैलारस संचालक भूपसिंह सर एवम स्कूल स्टाफ की मेहनत से सफल हुआ सेन्ट जॉन्स कैलारस में कक्षा 6 वी का छात्र के चयन पर स्कूल में स्टाफ ने छात्र की सफलता पर उसे शुभासिस देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की आदित्य मध्यप्रदेश श्रम जीबी प्रकार संघ इकाई कैलारस के अध्यक्ष पत्रकार दीपेंद्र सिंह जादौन के बेटे है। आदित्य के सैनिक स्कूल में चयन पर उसे स्नेहीजनों ने शुभाशीष देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की हे आदित्य के चयन की खबर मिलते ही उनके सेवानिवृत शिक्षक दादा गब्बर सिंह जादौन ने ग्राम गस्तोली मंदिर पर जाकर मिस्ठान वितरण किया

# स्व-सहायता समूह से जुडकर खरीदी टमटम, टमटम बनी जीवन का सहारा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**सफलता की कहानी**

**भिण्ड ।** स्व-सहायता समूह से जुडकर महिलायें आत्मनिर्भर तो बनी हैं। साथ ही समाज में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। समूह से जुडकर महिलाऐं अपने हुनर के अनुसार कार्य कर रही हैं। लहार विकासखण्ड के ग्राम अदलीशपुरा में भीमाबाई आजीविका स्व-सहायता समूह से जुड़कर म.प्र. ग्रामीण बैंक शाखा लहार से सी.सी.एल. ऋण से 50 हजार रूपये लिये जिससे टमटम (इलेक्ट्रानिक आटो रिक्शा) लिया। *सफलता की कहानी* इलेक्ट्रानिक आटो रिक्शा से प्राप्त होने वाली इनकम से श्रीमती विनीता देवी अब अपने पैरों पर खड़ी हो गई हैं। यह सब म.प्र.डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से साकार हुआ है।



श्रीमती विनीता देवी बताती हैं कि मैं ग्राम अदलीशपुरा में रहती हूँ। मेरे पति राजमिस्त्री के साथ मजदूरी का काम करते हैं। जिससे हमारा जीवन बहुत ही परेशानी से चल रहा था कभी मजदूरी मिलती कभी नहीं मिलती। वारिस में तो काम ही बन्द हो जाता था। मेरे दो बच्चे हैं। पैसों की कमी के चलते उनकी शिक्षा भी बडी मुश्किल से चल पा रहा थी। एक दिन हमारे ग्राम में सी.आर.पी. संध्या दीदी आई उन्होंने हमें स्व-सहायता समूह के बारे में बताया एवं बताया कि समूह में जुडने के बाद हमें समूह से कम व्याज पर रूपये उधार मिल जाते हैं एवं उससे रोजगार आजीविका की गतिविधि प्रारंभ कर सकते हैं। इससे हम ग्राम की दीदियों से मिलकर भीमाबाई आजीविका स्व सहायता समूह बनाया। हम प्रत्येक सप्ताह 20-20 रू. बचत करने लगे उसके बाद हमें म.प्र.डे.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लहार जिला भिण्ड म.प्र. से 11000/- रूपये चक्रीय राशि प्राप्त हुई।

जिससे हमने छोटी-छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति होने लगी उसके बाद हमें रानीलक्ष्मीबाई आजीविका ग्राम संगठन से 80000/- रूपये का ऋण मिला जिससे मैंने 40000/- ऋण लिया उसके बाद म.प्र.ग्रामीण बैंक शाखा लहार से सी.सी.एल. ऋण से 50000/- रूपये लिये जिससे टमटम (इलेक्ट्रानिक आटो रिक्सा) लिया। उसे मेरा लड़का दीपक चलाता है। उससे हमें प्रतिदिन 500/- रूपये 15000/- मासिक आय होने लगी है। उसमें हम 5000/- रूपये सी.सी.एल. की किस्त जमा कर देते हैं एवं 10000/- रूपये से हमारा खर्चा आराम से चल रहा है। हम अब बहुत खुश हैं। मैं और मेरा परिवार आजीविका मिशन का हमेशा आभारी है जिसने हमें आजीविका का साधन दिया।

## घर चलो घर-घर चलो अभियान कार्यक्रम में बीजेपी पर जमकर बरसे -आकाश राय



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पलेरा ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान्नीय कमलनाथ जी के आदेशनुसार,खरगापुर की पूर्व विधायक चंदा सुरेंद्र सिंह गौर जी के नेतृत्व में घर चलो घर घर चलो एवं महा सदस्यता अभियान की विशाल आमसभा का आयोजन खरगापुर विधानसभा के ग्राम बन्ने बुजुर्ग तहसील पलेरा जिला टीकमगढ़ मध्यप्रदेश में किया गया जिसमें कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र सिंह गौर जी पूर्व विधायक चंदा रानी जी जिला पंचायत उपाध्यक्ष अम्मू राजा नवीन साहू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलेरा अध्यक्ष राजू राय यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान राजनापित शिवा सोनी मलखान यादव दिलशाद खान संदीप यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# सामान्य टिकट की सुविधा शुरू होने से घटेगी रेलवे की कमाई

**भोपाल।** रेलवे के सामान्य श्रेणी के टिकट की सुविधा शुरु होने से अब उसकी कमाई घट जाएगी। रेलवे की कोरोना काल के दौरान सामान्य टिकट की सुविधा बंद होने से 100 करोड़ की कमाई हुई थी। सामान्य टिकट की सुविधा ना होने से भले ही यात्रियों को परेशानी हुई लेकिन रेलवे की कमाई बढ़ गई थी।



जनरल टिकट की सुविधा ना होने से यात्रियों ने बिना टिकट ट्रेन में यात्रा की। रेलवे ने इन्हीं बिना टिकट धारियों से जमकर जुर्माना वसूला। अकेले पश्चिम मध्य रेलवे ने 100 करोड़ रुपए जुर्माने के तौर पर कमा लिए। अब जनरल टिकट की सुविधा शुरू हो रही है, जिससे रेलवे की कमाई का ग्राफ नीचे जाना तय है। ट्रेनों में चलाए गए टिकट चेकिंग अभियान के जरिए अनियमित टिकट, बिना बुक किये समान लेकर यात्रा करने वालों यात्रियों के विरुद्ध कुल 16.01 लाख प्रकरण दर्ज किए। जिनसे अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित 114.50 करोड़ रुपये कमाय। भोपाल मण्डल द्वारा मंडल के टिकट निरीक्षकों ने मण्डल से प्रारंभ एवं गुजरने वाली सभी यात्री गाड़ियों में निरंतर टिकिट जाँच अभियान से अप्रैल 2021 से दिसंबर 2021 तक बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 05.03 लाख प्रकरण से रेलवे ने 32.96 करोड़ रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है।कोटा मंडल के टिकट निरीक्षकों ने मण्डल से प्रारंभ एवं गुजरने वाली सभी यात्री गाड़ियों में निरंतर टिकिट जाँच अभियान से अप्रैल 2021 से दिसंबर 2021 तक बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 03.145 लाख प्रकरण से रेलवे ने 20.66 करोड़ जुर्माना यात्रियों से वसूल किया। है। जबलपुर मंडल के टिकट निरीक्षकों ने मण्डल से प्रारंभ एवं गुजरने वाली सभी यात्री गाड़ियों में निरंतर टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 07.57 लाख प्रकरण से रेलवे ने 58.76 करोड़ रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। पिछले नौ महीनों में जबलपुर मण्डल ने तीनों मण्डलों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 50 करोड़ के आंकड़े को पार किया।

## मानव जीवन के अंतिम सफर को दिया ऐतिहासिक रूप, सरपंच बंजारा ने की अनूठी मिसाल पेश

**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान**

**पाली।** निकटवर्ती रुपावास सरपंच सुरेश बंजारा के सरपंच कार्यकाल में ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित कर लंबे समय की जन समस्या का समाधान करते हुएमानव जीवन के अंतिम सफर को दिया ऐतिहासिक रूप। लगभग 5 बीघा शमशान भूमि हेतु चारदीवारी निर्माण कार्य सहित अन्य कार्य करवाए गए। सरपंच बंजारा के सफल प्रयास से किया गया कार्य का ग्रामीणों सहित भाजपा नेता हरि भाई पटेल के मौजूदगी में किया कार्य स्थल पर कार्य का निरीक्षण। उक्त कार्य 2020-21 में स्वीकृत करवाया गया । करीब 5 बीघे में चार दीवार निर्माण दाह संस्कार टीन सेट लकड़ी का गोदाम ब्लॉक पानी का टांका निर्माण कार्य करवाया गया। भामाशाह द्वारा श्मशान भूमि के मुख्य गेट का निर्माण कार्य करवाया गया। मौके पर सरपंच सुरेश बंजारा समाजसेवी हरिभाई पटेल पूर्व जिला परिषद अमराराम देवीलाल सोलंकी दुर्गा राम देवासी चिमना राम बंसी लाल जीतू पवांर बाबुलाल खोरवाल आदि मौजूद रहे

# नो पार्किंग मे खड़े वाहनों पर होगी कार्यवाही, कलेक्टर शिवपुरी एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी ने हरी झंडी दिखा कर क्रेन वाहन को किया रवाना

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-आज पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी मे कलेक्टर शिवपुरी श्री अक्षय कुमार एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल ने नो पार्किंग मे खड़े होने वाले वाहनों को उठाने के लिये यातायात क्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया है । शिवपुरी मे वाहनों को नो पार्किंग मे खड़ा करने से यातायात व्यवस्था वाधित हो रही थी, आये दिन जाम की स्थिती बन जाती थी इस समस्या के समाधान के लिये आज यातायात क्रेन को पुलिस यातायात थाने को शोंपा है, जिससे नो पार्किंग मे खड़े वाहनों पर कार्वाही की जा सकेगी एवं उन्हे क्रेन से टो करके यातायात थाना लाया जाएगा एवं चालानी कार्यवाही की जायेगी । इसके वाद कलेक्टर शिवपुरी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस मैरिज गार्डन मे अंकुर अभियान के चलते पौधारोपण किया गया। पर्यावरण को साफ एवं स्वच्छ रखने के लिये शासन द्वारा अंकुर अभियान चलाया जा रहा है जिसके चलते आज पुलिस मैरिज गार्डन मे अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण किया गया है जिसमे अनेक प्रकार के पौधों को लगाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर शिवपुरी श्री अक्षय कुमार, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव, रक्षित निरीक्षक भारत सिंह यादव, शहर के तीनों थानों के थाना प्रभारी, यातायात थाना प्रभारी, सूबेदार, प्रभारी कन्ट्रोल रुम एवं पुलिस स्टॉफ उपस्थित रहे ।

# बीजेपी के इशारों पर प्रोटोकाल का उलंघन कर सरकारी कार्यक्रमों में स्थानीय विधायक की उपेक्षा में जुटा

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**देवेंद्र नगर ।** वर्तमान समय मे प्रशासन के अधिकारीयों द्वारा सत्ताधारी दल के इशारे पर सरकार तथा शासन द्वारा संविधान अनुसार निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन नही किया जा रहा है। सिर्फ सत्ताधारी नेताओं को खुश करने के की नियत और अन्य पार्टी के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का दौर चल रहा है।

जो मामला सामने आया है उसके अनुसार संस्कृति विभाग के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा गुनौर विधानसभा क्षेत्र के बिल्हा कंगाली ग्राम मे अगस्त मुनी सिद्धनाथ आश्रम मे महाशिवरात्रि के पर्व पर स बडा कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसके लिए बकायदा शासकीय तौर पर आमंत्रण पत्र छपवाये गयें थे। उक्त आमंत्रण पत्रो मे मुख्य अतिथि सांसद वीडी शर्मा तथा कैबनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, कलेक्टर संजय मिश्रा, एवं संस्कृति विभाग के संचालक अदिति कुमार का नाम अकिंत रहा। लेकिन उक्त आमत्रंण कार्ड मे क्षेत्रीय विधायक गुनौर शिवदायल बागरी का नाम गायब रहा। वहीं 23 फरवरी को प्रधान मंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रत्येक नगर परिषद में




वर्चुअली किया गया जिसमें नगर परिषद द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित करने का प्रोटोकॉल था परंतु पन्ना जिले के देवेंद्र नगर नगर परिषद अमानगंज एवं गुनौर नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी इतने बेपरवाह के उनके द्वारा क्षेत्रीय विधायक शिवदयाल बागरी को आमंत्रण पत्र तक नहीं भेजा गया। इन दोनो घटनाओं से साफ है की जिला और प्रदेश स्तरीय प्रशासन सत्ता के मद में चूर सत्ताधारी पार्टी के इशारों पर लाखो लोगो के मतो से चुने गए जनप्रतिनिधि और जनाधार का खुले आम अपमान करने पर तुला है। लगातार सरकारी कार्यक्रमों में स्थानीय विधायक की उपेक्षा से आमजन खासे नाराज बताए जा रहे है। प्रशासन की उपेक्षा और लालफीताशाही से नाराज स्थानीय विधायक शिवदयाल बागरी द्वारा इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने की बात कही गई साथ ही हद दर्जे की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर पत्राचार कर दंडात्मक कार्रवाई की बात कही गई

### इन्होंने क्या कहा

यह जिला प्रशासन तथा संस्कृति विभाग की मनमानी है तथा ढाई लाख जनता के प्रतिनिधि का अपमान है। जनप्रतिनिधि की इस प्रकार से उपेक्षा सत्ताधारी लोगो के दबाव मे अधिकारीयों को नही करना चाहिए पन्ना मुख्यालय में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान भी प्रोटोकॉल का ध्यान करते हुए मुझे आमंत्रित किया गया था परंतु देवेंद्र नगर नगर परिषद गुनौर एवं अमानगंज की नगर परिषद के अधिकारियों वा संस्कृति विभाग द्वारा जो लापरवाही बरती है वह माफी योग्य नहीं है इस तरह एक जनप्रतिनिधि को दरकिनार करना आमजन के जनाधार का अपमान है मैं इस बात को विधानसभा में उठाऊंगा साथ ही लापरवाह अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की अनुशंसा करूंगा

**शिवदयाल बागरी**
**विधायक गुनौर विधानसभा**

# थैलेसीमिया,हीमोफीलिया एवं स्वैच्छिक रक्तदान कार्यशाला का हुआ आयोजन

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पाली ।** पाली ब्लड बैंक राजकीय मेडिकल कॉलेज से संबंध राजकीय बांगड़ चिकित्सालय के ऑडिटोरियम में थैलेसीमिया, हीमोफीलिया एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

कार्यशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. के.सी. अग्रवाल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.मो. रफीक कुरेशी,विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी डॉ.एच.पी.तोषनीवाल,प्रभारी अधिकारी ब्लड बैंक डॉ. मांगीलाल चौधरी, विभागाध्यक्ष शिशु रोग डॉ.आर.के. विश्नोई,सहआचार्य डॉ. गरिमा,औषधि नियंत्रक पाली श्री माधव सिंह सीरवी, फिल्ड ऑफिसर श्री अर्जुन काग आदि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आगाज किया गया ।

इस मौके पर रक्तदान शिविर आयोजन करवाने वाली 60 संस्थाओं को अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और इसके साथ ही थैलेसीमिया और हीमोफीलिया से ग्रसित 45 बच्चों ने को कार्यशाला में भाग लिया । अतिरिक्त प्राचार्य डॉ.के.सी अग्रवाल ने नए ब्लड बैंक की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि ब्लड बैंक द्वारा पैक सेल,एफ.एफ.पी.,आर.डी.पी.,कोविड प्लाज्मा,व एसडीपी की सुविधा द्वारा थैलेसीमिया, हीमोफीलिया डेंगू व कैंसर आदि रोग के मरीजों को लाभ मिला है । साथ ही उन्होंने चिकित्सकों को कहा कि मरीज के परिजनों को रक्तदान के लिए प्रेरित करे । ताकि मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जासके । कार्यशाला में



सह आचार्य डॉ.गरिमा ने बताया कि यह एक अनुवांशिक बीमारी है जोकि गुणसूत्र 16 एवं 11 अनुवांशिक जीन की खराबी के कारण खून का पर्याप्त मात्रा में रक्त का उत्पादन नहीं होने से बार-बार खून चढ़ाने की आवश्यकता रहती है भारत में 30 मिलियन यानी 10त्न जनसंख्या में थैलेसीमिया की बीमारी पाई जाती है जिसका पता एचपीएलसी या एचपी इलेक्ट्रोफॉरेसिस जांच द्वारा थैलेसीमिया बीमारी का पता लगाया जाता है ।

इसके साथ ही डॉ. आर.के. विश्नोई ने बताया कि बांगड़ चिकित्सालय में थैलेसीमिया मरीजों के लिए अलग से वार्ड बनाया जाएगा ताकि थैलेसीमिया मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े हीमोफीलिया के बारे में विस्तार से बताया कि भारत में 17000 बच्चे हीमोफीलिया से ग्रसित है, जोकि फैक्टर ङ्कढ्ढढ्ढढ्ढ,फैक्टर ढ्ढङ्ग,की कमी से यह बीमारी होती है ।

इसके लिए ब्लड बैंक द्वारा क्रायोप्रेसिपिटेट, एफएफपी उपलब्ध करवाई जाती हैं ।अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. एस. पी.तोषनीवाल एवं ब्लड बैंक चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ.मांगीलाल चौधरी ने सभी रक्तदान शिविर आयोजन करवाने वाली संस्थाओं से ज्यादा से ज्यादा शिविर आयोजित करवाने की अपील की और उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से हार्ट अटैक, शुगर, मोटापा, कैंसर जैसी भयानक बीमारियों से बचा जा सकता है ।कार्यक्रम का संचालन धन सिंह राव द्वारा किया गया ।इस मौके पर ब्लड बैंक व पैथोलॉजी विभाग के कर्मचारी श्री जोग सिंह राठौड़,पूरण परिहार, विक्रम चौहान, धर्मवीर सिंह करण सिंह, अरुण वर्मा आदि उपस्थित।

# सुशासन में बाधा बन रहे 2 पटवारियों की वेतनवृद्धि रोकी, एक पटवारी निलंबित

## सुशासन में बन रहे थे बाधा, कलेक्टर श्री सिंह ने शिविर में ही जारी कराए आदेश

### बनवार में लगा जिला स्तरीय सुशासन शिविर, 80 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण



ग्वालियर। लोगों की जायज समस्याओं का निराकरण न कर सुशासन में बाधा बन रहे तीन पटवारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। चीनौर तहसील के ग्राम बनवार में आयोजित हुए जिला स्तरीय सुशासन शिविर में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शिविर में ही ग्राम बनवार के पटवारी हीरा सिंह कुर्रे के निलंबन और ग्राम अमरौल के पटवारी अतुल सिंह व हिम्मतगढ़ के पटवारी शशिकांत शर्मा की पाँच ङ्क पाँच वार्षिक वेतन वृद्धियाँ रोकने के आदेश जारी कराए। साथ ही निलंबित पटवारी के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिए। सुशासन शिविर में बनवार सहित आस-पास के गाँवों के लगभग 700 ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में प्राप्त 214 आवेदनों में से 80 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत बनवार में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की मौजूदगी में आयोजित हुए इस सुशासन शिविर में कई ऐसी जन समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया, जिनके लिये लोग लंबे अर्से से परेशान थे। शिविर में मौके पर ही पाँच नामांकरण आदेश जारी किए गए। इसी तरह चार पात्र परिवारों के नाम बीपीएल सूची में जोड़े गए तो पाँच जरूरतमंदों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन मंजूर की गई। तीन हितग्राहियों की खाद्यान्न पर्ची बनाई गई तो भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत 13 हितग्राहियों के कार्ड बनाए गए। कर्मकार कल्याण मण्डल के कार्ड बनने से ये हितग्राही अब शासन की कई योजनाओं का लाभ पाने के हकदार बन गए हैं। शिविर में इसके अलावा आयुष्मान कार्ड व लाडली लक्ष्मी प्रमाण-पत्र सहित अन्य सेवायें भी ग्रामीण जनों को मौके पर ही मुहैया कराई गईं।

सुशासन शिविर में ग्राम बनवार के निवासियों ने पटवारी द्वारा राजस्व से संबंधित कामों के निराकरण के लिए पैसे मांगने की शिकायत की। इसी तरह ग्राम अमरौल व हिम्मतगढ़ से आए किसानों का कहना था कि हमारे यहाँ के पटवारी द्वारा फौती नामांतरण नहीं किए जा रहे हैं और न ही बी-1 का वाचन किया जाता है। कलेक्टर श्री सिंह ने मौके पर ही इन शिकायतों की जाँच कराई और शिकायत के तथ्य सही पाए जाने पर तीनों पटवारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश भितरवार के अनुविभागीय राजस्व अधिकारी से जारी कराए।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी व अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा व अनुविभागीय दण्डाधिकारी भितरवार श्री अश्विनी रावत सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने दिनभर शिविर में मौजूद रहकर एक-एक कर जन समस्यायें सुनीं और मौके पर ही आवेदनों का निराकरण कराया। जिला पंचायत प्रशासकीय समिति के उपाध्यक्ष श्री शांतिशरण गौतम भी शिविर में विशेष रूप से पहुँचे थे। शिविर में 80 समस्याओं का मौके पर ही निराकरण हुआ। शेष 134 आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय कर कलेक्टर श्री सिंह ने एक हफ्ते में सभी आवेदन निराकृत करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने शिविर में मौजूद आवेदकों को आश्वस्त किया कि विशेष शिविर लगाकर आप सबको शेष आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जायेगी।

### सड़कें खोदकर डालने वाले ठेकेदार के खिलाफ कराई एफआईआर

बनवार में आयोजित हुए जिला स्तरीय सुशासन शिविर में बनवार व हिम्मतगढ़ के लोगों द्वारा शिकायत की गई कि पाइप लाइन डालने के नाम पर पूरे गाँव की सड़कें खोदकर डाल दी गई हैं, जिससे हम सबको बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शिविर में मौजूद कार्यपालन यंत्री पीएचई को संबंधित ठेकेदार व उपयंत्री के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट रूप से ताकीद किया कि जल्द से जल्द जल-जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन डालकर खोदी गई सड़कों को दुरूस्त कर मूल रूप में लाएँ। अन्यथा सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## सांसद श्री शेजवलकर ने किया 160 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

### ग्वाालियर पूर्व की 14 टंकियों को बटन दबाकर भरना किया प्रारंभ



ग्वालियर। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने आज प्रातः जलालपुर स्थित 160 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए तथा सांसद श्री शेजवलकर द्वारा ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र की पानी की टंकियों को भरने के कार्य का शुभारंभ बटन दबाकर किया गया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, पूर्व पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्री धर्मेंद्र राणा, अपर आयुक्त श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर, अधीक्षण यंत्री पीएचई श्री आर एल एस मौर्य, नोडल अधिकारी श्री शिशिर श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने आज गुरुवार को जलालपुर स्थित 160 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन किया तथा तिगरा से आज फुल ग्रेविटी के साथ छोड़े गए पानी के ट्रीटमेंट कार्य को देखा और ग्वालियर पूर्व की 14 टंकियों को भरने का कार्य प्रारंभ कराया गया। इस अवसर पर सांसद श्री शेजवलकर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो डीएमए शेष रह गए हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण करें तथा जो कंप्लीट हो गए हैं उनमें से प्रत्येक विधानसभा वार दो- दो डीएमए का अवलोकन कराएं। इसके साथ ही इंजीनियरिंग कॉलेज के बच्चों को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन कराएं और उन्हें प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह दिखाएं कि पानी किस प्रकार से ट्रीटमेंट होकर शहर में सप्लाई किया जाता है। इसके साथ ही अन्य आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद शेजवलकर, जिलाध्यक्ष माखीजानी ने की निखिल, हर्षाली से मुलाकात



ग्वालियर। इवानो विश्वविद्यालय के तृतीय वर्ष के छात्र निखिल कुरैचिया भी गुरुवार की शाम ग्वालियर आए हैं। वे अमरकंटक इनक्लेव गांधी नगर में रहते हैं। उनके साथ उनके मामा की लडकी हर्षाली राजे आर्य भी आई हैं जो झांसी की हैं और टर्न पिल विश्वविद्यालय की तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। दोनों भाई-बहन की कुशलक्षेम पूछने गुरूवार को ग्वालियर सांसद विवेक शेजवलकर, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी पहुंचे। उन्होंने निखिल और हर्षाली का माला पहनाकर उनका स्वागत किया और उनकी कुशलक्षेम पूंछी। इस अवसर पर बिरजू शिवहरे, मीना सचान, राजू सेंगर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### झांसी रोड बस स्टेन्ड के पास यातायात में बाधक अतिक्रमण हटवाया

ग्वालियर। झांसी रोड स्थित बस स्टेन्ड के पास अवैध रुप से ठेले व गुमठी रखकर गंदगी फैला रहे एवं यातायात में बाधक बन रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई निगम के अमले द्वारा की गई। जिसमें लगभग 40 अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया और उन्हें पुनः अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर नगर निगम द्वारा सुगम यातायात एवं स्वच्छ ग्वालियर के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आज अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिह गुर्जर के निर्देशन में झांसी रोड बस स्एन्ड पर विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें नाका चंदवदनी चौराहे से ही प्रारंभ करते हुए रोड किनारे रखी गुमठी, अस्थाई छप्पर तथा ठेले वालों को हटाया गया तथा उनकी कुछ सामान भी जप्त किया गया। कार्रवाई के दौरान नाका चंदवदनी चौराहे से बस स्टेन्ड तक अतिक्रमण हटाया यातायात को सुगम कराया गया।

# कलेक्टर श्री सिंह ने जिला अस्पताल प्रसूति गृह का किया आकस्मिक निरीक्षण



### बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं आम लोगों को मिलें यह सुनिश्चित किया जाए

ग्वालियर। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने गुरूवार को जिला अस्पताल प्रसूति गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित किया है कि आम जनों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध हों। इसके साथ ही अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके अटेण्डरों के साथ सहयोगात्मक व्यवहार किया जाए।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने यह भी निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों और शासकीय योजनाओं का लाभ आम लोगों को समय पर मिले, यह भी सुनिश्चित किया जाए। अस्पताल में व्यवस्थाओं के लिये जो आवश्यक कार्य है, उसे राशि के अभाव में न रोका जाए। कलेक्टर ने सिविल सर्जन को निर्देशित किया है कि पाँच लाख रूपए प्रशासन की ओर से रोगी कल्याण समिति को प्रदान किए जाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान यह भी कहा है कि लक्ष्य कार्यक्रम अनुसार सभी स्तरों पर मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान की जाएं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने प्रसूति गृह का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर और ध्यान देने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. आर के शर्मा, डीएचओ डॉ. अशोक खरे, डीपीएम श्री विजय भार्गव, आरएमओ डॉ. कुशवाह एवं लक्ष्य कार्यक्रम की टीम उपस्थित थी।

## निगमायुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर, सीसीओ श्री सुशील कटारे, नोडल अधिकारी मदाखलत श्री केशव सिंह चौहान, सहायक यंत्री श्री लल्लन सेंगर, नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल, नोडल अधिकारी कार्यशाला श्री शैलेन्द्र सक्सैना सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निगमायुक्त श्री कन्याल ने ट्रिपल आईटीएम स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की कचरा ट्रांसफर स्टेशन को साफ व स्वच्छ रखें। इसके साथ ही सभी गाड़ियां व्यवस्थित वालों लाइन से लगी हो तथा सभी के शीघ्र खाली होने की व्यवस्था हो। संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि लगभग 85 गाड़ियां प्रतिदिन यहां खाली होने आती हैं तथा वाहन चालक एवं हेल्पर की सुविधा के लिए यहां शौचालय भी है। निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि सभी गाड़ियों में अलग-अलग डिब्बों में कचरे के प्रकार को लेकर साफ लिखा होना चाहिए। इसके पश्चात निगमायुक्त श्री कन्याल ने हजीरा इंटक मैदान स्थित होकर्स जॉन का निरीक्षण किया तथा विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा और यहां साफ-सफाई रखने एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने कहा कि होकर्स से जॉन में ठेले व्यवस्थित खड़े रहे तथा अन्य व्यवस्थाएं भी आम जनों एवं व्यवसायियों के लिए सुनिश्चित हो यह अधिकारी निरंतर मॉनिटरिंग करें। निगमायुक्त श्री कन्याल ने होटल रामाया के सामने स्थित रिक्त भूमि का अवलोकन किया तथा भूमि पर पार्क विकसित करने के निर्देश नोडल अधिकारी पार्क को दिए। इसके साथ ही बस स्टैंड व अन्य कई क्षेत्रों का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था दी थी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




## ग्वालियर स्मार्ट सिटी इंक्युबेशन सेंटर व जीवाजी विश्वविद्यालय के बीच होगा अनुबन्ध, युवा उद्यमियों को मिलेगा प्रोत्साहन



ग्वालियर। स्मार्ट सिटी द्वारा स्टार्ट अप्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित ड्रीम हैचर इंक्युबेशन सेंटर 20 से अधिक पंजीकृत स्टार्ट अप्स को सहायता प्रदान कर रहा है। रोबॉटिक्स, ऑर्गैनिक फ़ूड, बायो इक्विप्मेंट आदि क्षेत्रों में जुड़े स्टार्ट अप स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित इंक्युबेशन सेंटर से अपनी उद्यमिता को नई पहचान दे रहे हैं । इसी क्रम में आज गुरुवार को स्मार्ट सिटी के मोती महल स्थित कार्यालय में जीवाजी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि मंडल ने स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती जयति सिंह व सम्बंधित अधिकारियों से चर्चा की। स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती जयति सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ड्रीम हैचर इंक्युबेशन सेंटर द्वारा शहर के युवा उद्यमियों को हर मुमकिन सहायता प्रदान की जा रही है । इसके लिये देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं से अनुबन्ध किये गए हैं जो यहाँ पंजीकृत स्टार्ट अप्स को तकनीकी सहायता, वेंचर कैपिटलिस्ट आदि सुविधाएँ प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। जीवाजी विश्वविद्यालय में भी शीघ्र ही इंक्युबेशन सेंटर शुरू किया जाना है । इस सेंटर के साथ ड्रीम हैचर सेंटर अपने अनुभव साझा कर एक पार्ट्नर के रूप में कार्य करेगा । तकनीकी सलाहकार, वित्तीय सलाहकार, मेंटॉरशिप, आदि सुविधाओं का निरन्तर आदान प्रदान कर दोनों सेंटर एक दूसरे के सहायक बनेंगे। श्रीमती सिंह ने बताया कि आयडिया से प्रोडक्ट और प्रोडक्ट से मार्केट तक के सफ़र में इंक्युबेशन सेंटर अपनी भूमिका निभाते हैं तथा स्वरोज़गार को बढ़ावा देने के लिये यह महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रहे हैं।

## विधाराक डॉ. सिकरवार के नेतृत्व में वार्ड 27 में चला घर-घर चलो अभियान



ग्वालियर। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के आदेश पर पुरे प्रदेश में चलाये जा रहे घर-घर चलो अभियान के तहत १६ ग्वालियर पूर्व विधानसभा के मुरार ब्लॉक में वार्ड क्र. २७ में यह अभियान चलाया गया जो कि बरादरी चौराहा से प्रारम्भ होकर मीरा नगर, गैरू वाला बंगला, आर्य नगर, राम नगर, शम्भाजीराव कॉलोनी, ईदगाह एवं आस-पास के सभी छेत्रो में घर-घर दस्तक दी. अभियान के दोरान विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने हर घर-घर सम्पर्क कर पत्रक वितरण किये। इस कार्यक्रम में विधायक डॉ. सिकरवार के साथ प्रदेश प्रवक्ता राम पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, श्रीमती सीमा समाधिया, वीणा भारद्वाज, राजकुमारी, रुपेश दुबे, आनिल शर्मा, बृजेश शुक्ला, दाउ मुदगल, महादेव अपोरिया, राम बाबु शर्मा, डॉ दशरथ, विकास उपाध्याय, प्रतीक जैन ''लालू'', राहुल गुर्जर, सुनील रमपुरिया, जसवंत सेजवार, राजेश सोन, ,शिवम राजपुत, विशाल, अमन, राकेश भिलवार, विमल शर्मा, कुलदीप टैगोर, अजय रजक, रामेश्वर दयाल, संकर पाल, आदि कार्यकर्तागण मोजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478